

हरिभूमि
रायपुर भूमि



# जंप करते ही उखड़ रहा प्लास्टर खंडहर में 1300 परिवारों का जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड स्थित वाल्मिकी नगर में निर्मित आवासीय परिसर की हालत बेहद जर्जर है, छत और दीवारों के प्लास्टर भरभरा कर गिरने लगे हैं। इससे वहां रहने वालों के जान-माल का खतरा बना हुआ है। नगर निगम अब उन्हें व्यवस्थापन के तहत पक्का ईडब्लूएस आवास बनाकर व्यवस्थापित करने की तैयारी में है। इसके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के तहत 75 हजार में ईडब्लूएस आवास व्यवस्थापन के तहत उपलब्ध कराएगा। ▶▶|शेष पेज 13 पर

अलग खबर

## जर्जर हो चुका परिसर, गरीबों के लिए पक्के आवास जरूरी

नगर निगम ने शहर के अलग-अलग इलाकों से निर्माण कार्य प्रभावित परिवारों को जिस वाल्मिकी नगर में बसाया, उस परिसर की हालत बेहद खस्ता है। दो आदमी खड़ा होके यदि वहां जंप कर दें तो घर की दीवार का प्लास्टर भरभरा रहा है। ऐसे में इन गरीब व जरूरतमंद परिवारों के लिए एक साथ पक्के आवास व्यवस्थापन के तहत उपलब्ध कराए जाए इससे गरीबों का भला होगा।

**- भगतराम हरबंश, पार्षद,** पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड

### प्रभावितों ने ये कहा

## प्लास्टर जर्जर, परिवार बढ़ गया छोटे से कमरे गुजारा मुश्किल : विशाल बघेल

वाल्मिकी नगर में रहने वाले विशाल बघेल का कहना है, वर्ष 2004 में मौदहापारा के तालाब पारा में सड़क चौड़ीकरण के मकान दायरे में आने पर उन्हें वाल्मिकी नगर में व्यवस्थापन के तहत पक्का आवास मिला। उस आवास की हालत खस्ता है प्लास्टर भरभरा कर गिर रहा है। छोटे से कमरे में गुजारा करना मुश्किल हो गया है। हमारे ही तरह एक हजार ▶▶|शेष पेज 13 पर

## वाल्मिकी नगर में पक्का आवास बनाकर शिफ्ट कर दें : राम वालिया

वााल्मिकी नगर में पिछले 21 साल से रह रहे राम वालिया ने बताया कि पूरा आवासीय परिसर जर्जर हालत में है। जिस समय हम यहां आए तो परिवार छोटा था, अब परिवार बढ़ गया है, बहू बेटा हो गए इसलिए चाहते हैं कि निगम प्रशासन से आग्रह है कि जिस जगह पर सालों से रह रहे हैं, पर वहीं पक्का आवास बनाकर शिफ्ट करा दे। पहले जब शहर ▶▶|शेष पेज 13 पर

### खबर संक्षेप

## कफ सिरप बेचते धरे गए तीन युवक



**रायपुर।** डीडीनगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तीन लड़कों को कफ सिरप बेचते गिरफ्तार किया है। जिन लड़कों को पुलिस ने कफ सिरप बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है, उनके पास से 10 हजार रुपए कीमत की 94 शीशी कफ सिरप जब्त की गइ है। कफ सिरप बेचने के आरोप में पुलिस ने भानू रजक, अनुराग लिल्हारे, सौरभ पाठक को गिरफ्तार किया है। तीनों युवक सुंदर नगर दशहरा मैदान के पास कफ सिरप बेच रहे थे।

## शादी का झांसा देकर किशोरी से रेप, आजीवन कारावास

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व किशोरी को शादी का झांसा देकर रेप करने के आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश अच्छेलाल काछी की फास्ट ट्रैक, पाक्सो कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक डालेश्वर प्रसाद साहू के अनुसार, कोर्ट ने मूलतः महासमुंद निवासी शेखर प्रधान उर्फ पिंटू को कैद की सजा सुनाई है। शेखर के खिलाफ किशोरी की मां ने 7 अप्रैल 2024 को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शेखर ने किशोरी को शादी का झांसा देकर 14 फरवरी से लेकर 30 मार्च तक रेप किया।

## पुलिस को चकमा देकर दो आरोपी कोर्ट परिसर से फरार, एक गिरफ्तार

**रायपुर।** अभनपुर थाना क्षेत्र में हत्या की कोशिश के आरोप में पकड़े गए दो आरोपी कोर्ट परिसर में पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। अभनपुर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर सिविल लाइंस पुलिस के सुपुर्द कर दिया है, दूसरे की तलाश जारी है। दोनों के खिलाफ वर्ष 2023 में हत्या की कोशिश करने का अपराध दर्ज है। कोर्ट परिसर से राजेश मारकण्डेय (38) और उसका बेटा तुलाराम मारकण्डेय (21) कोर्ट परिसर में पेशी के दौरान फरार हो गए। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी जमानत पर रिहा हुए थे।

*मुख्यालय, जोन 4 के साथ पुलिस की टीम ने सड़क से कब्जा हटाओ चलाया अभियान*

# मौदहापारा के बाद पूर्व मेयर के वार्ड बैजनाथपारा में घुसा दस्ता, तकरार, बहसबाजी के बीच दर्जनों कब्जे साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में गुरुवार को नगर निगम का तोड़दस्ता बैजनाथपारा में जमकर गरजा। पूर्व महापौर के वार्ड में जेसीबी, डंपर के साथ एकाएक बुलडोजर एक्शन की शहर में चर्चा रही। शाम 4.25 से 7 बजे प्रमुख मार्ग की सड़क को कब्जा मुक्त करने अमला डटा रहा। इस दौरान कहीं पर निगम अफसर के साथ अतिक्रमण उलझते दिखे, कहीं-कहीं पर शेड तोड़ते अमले के सामने झल्लाए युवक ने शेड उठाकर टीम के सामने पटकते हुए गुस्सा दिखाया।

जोन 4 कमिश्नर अरूण ध्रुव ने हरिभूमि को बताया कि मोतीबाग चौक स्थित जोन 4 कार्यालय के बाज वाली गली से सड़क घेरकर सामान रखने वालों के समान की जब्ती और ठेले-गुमटी हटाते हुए टीम मुख्य मार्ग जा पहुंची। नूरजहां से जयस्तंभ चौक तक सड़क घेरकर व्यवसाय करने वालों ▶▶|शेष पेज 13 पर






## एक दिन पहले मौदहापारा से एमजी रोड तक चला था ताबड़तोड़ अभियान

*शहर के व्यस्त मार्गों की सउक पर सामान रखकर कब्जा करने वालों पर निगम ने बुधवार को ताबड़तोड़ अभियान चलाकर 12 ट्रक से अधिक समान की जब्ती की। 40 से अधिक दुकानदारों से सड़क पर बेजा कब्जा कर आवागमन बाधित करने पर 80 हजार रुपए ई जुर्माना वसूला। टव्हीम प्रहरी* ▶▶|शेष पेज 13 पर

## शहर की 24 से ज्यादा सड़कों की पहचान, जहां अतिक्रमण के कारण जाम

*पुलिस और नगर निगम की टीम ने शहर के 24 से ज्यादा सड़कों की पहचान की है, जहां अतिक्रमण की वजह से सड़क पर जाम लगता है। इनमें मौदहापारा, एमजी रोड, मालवीय रोड, बैजनाथपारा, सदरबाजार, पुरानी बस्ती, लाखेनगर, टिकरापारा, कटोरातालाब, तेलीबांधा बाजार, लोधीपारा, मोवा बाजार, फाफाडीह, खमतराई बाजार, संतोषीनगर, अश्वनी नगर, स्टेशन रोड, रामनगर सहित कई सड़कें शामिल है। इन इलाकों में सड़क घेरकर किए गए अतिक्रमण पर कार्रवाई की जाएगी।*

## 10 से ज्यादा दुकानदारों पर 25 हजार ई-जुर्माना

टीम प्रहरी अभियान के अंतर्गत मालवीय रोड, बैजनाथपारा एवरग्रीन चौक , शास्त्री बाजार के मार्गो में अभियान चलाकर 50 से अधिक ठेला, गुमटियों को हटाया गया। टीन शेड तोड़कर सड़क पर से कब्जे हटाए गए। इस दौरान 10 से अधिक दुकानदारों पर सड़क पर अतिक्रमण करने पर 25 हजार रुपए ई जुर्माना वसूला गया। अभियान में निगम अपर आयुक्त नगर निवेश पंकज शर्मा, नगर निवेशक आभाष मिश्रा, जोन 4 कमिश्नर अरुण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता नगर निवेश शेखर सिंह, सहायक अभियंता दीपक देवांगन संबंधित यातयात पुलिस प्रशासन, नगर निवेश की टीम का सहयोग रहा।

# वर्ल्ड कप में सट्टे का खेल, चार और धरे गए, 17 लाख कैश बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टी-20 वर्ल्ड कप क्रिकेट मैच में सट्टा संचालित करने सटोरियों ने अपने लिए पिच पहले से तैयार कर ली है, लेकिन सटोरिए पुलिस की गुगली में फंस कर क्लीन बोल्ड हो रहे हैं। ऐसे ही एक प्रकरण में क्राइम ब्रांच ने कबीर नगर थाना क्षेत्र में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित करने के आरोप में चार सटोरियों को गिरफ्तार किया है। सटोरियों के कब्जे से पुलिस ने 17 लाख रुपए कैश जब्त किया है। पुलिस के अनुसार सटोरिए म्यूल अकाउंट किराए पर लेकर सट्टे की ▶▶|शेष पेज 13 पर

- **डेढ़ महीने के भीतर तीन अलग-अलग सट्टे की कार्रवाई में पुलिस ने जब्त किया एक करोड़ रुपए कैश**

## सटोरियों पर नकेल कसने पुलिस की तैयारी

सटोरियों पर नकेल कसने क्राइम ब्रांच की विशेष टीम तैयार की गई है। इसके साथ ही दुबई से लौटे सटोरियों पर पुलिस निगरानी कर रही है। पुराने सटोरियों के नंबर और उनके ठिकाने पर खोजबीन भी की जा रही है। हाल ही में कितने संदिग्ध जिन पर सट्टा संचालित करने की आशंका है, जो शहर छोड़कर बाहर गए हैं, उनकी पुलिस जानकारी जुटा रही है। इसके अलावा रायपुर के रहने वाले जो लोग बड़े होटलों में किराए से रह रहे हैं, उनकी पुलिस जांच कर रही है।

## हाईटेक मशीन से खेल

सटोरियों ने हाईटेक जमाने में खुद को भी हाईटेक कर लिया है। अब फोन पर काल या मैसेज के बजाय ज्यादातर बुकिंग वाट्सएप या अन्य इंटरनेट मीडिया साइट्स से ले रहे हैं। सट्टा खिलाने के लिए हाईटेक मशीनों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे सीधे-सीधे बुकिंग हो जाती है। दांव जीतने पर पेमेंट की जानकारी भी इसी तरह से दी जा रही है। आनलाइन पेमेंट भी आसानी से कर सकते हैं।

## वाट्सएप और इंस्ट्राग्राम से मिल रही आईडी

सट्टा संचालित करने सटोरियों को वाट्सएप और इंस्ट्राग्राम के जरिए आसानी से ऑनलाइन आईडी मिल रही है। सटोरिए मास्टर आईडी प्राप्त करने के बाद अन्य सटोरियों को कमीशन बेस पर आईडी उपलब्ध कराकर सट्टा संचालित कर रहे हैं।




## एनएचएआई चौड़ीकरण में खर्च करेगा 100 करोड़ रुपए

# सरोना-लभांडी सर्विस लेन 10 मीटर होगी चौड़ी, खर्च होंगे 100 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के निवासियों और एनएच 53 (मुंबई-कोलकाता हाईवे) का हर दिन उपयोग करने वाले लाखों वाहन चालकों को लभांडी से सरोना तक सर्विस लेन में आवागमन करने में अब और राहत मिलेगी, क्योंकि यह सर्विस लेन अब 10 मीटर और चौड़ी होगी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने सरोना से लभांडी के बीच सर्विस लेन के चौड़ीकरण के प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है। 14 किलोमीटर लंबी सर्विस लेन को 10 मीटर चौड़ीकरण में लगभग 100 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी।

## बिजली खंभे जल्द किए जाएंगे शिफ्ट

सर्विस लेन को चौड़ीकरण करने कार्य शुरू करने से पहले सड़क के किनारे लगे बिजली खंभों को हटाकर शिफ्ट किया जाएगा। यह प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। खंभों की शिफ्टिंग की प्रक्रिया पूर्ण होते ही चौड़ीकरण का कार्य शुरू हो जाएगा।


फाइल फोटो

## चौड़ीकरण के लिए नहीं करना होगा भूमि अधिग्रहण

एनएचएआई के अफसरों ने बताया कि लाभांडी से सरोना सर्विस लेन को 10 मीटर चौड़ीकरण करने के लिए भूमि अधिग्रहण करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, क्योंकि सड़क के दोनों किनारों के पास पर्याप्त जमीन है।

## जाम से मिलेगी राहत

लाभांडी से सरोना तक 14.25 किलोमीटर की लंबी सर्विस लेन के चौड़ीकरण होने से लाभांडी, तेलीबांधा, पचपेड़ी नाका, संतोषी नगर, बस स्टैंड और सरोना जैसे हाईवे से सटे इलाकों में रहने वाले लाखों लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। वर्तमान में इस मार्ग पर 24 घंटे भारी वाहन का दबाव बना रहता है, जिससे स्थानीय ट्रैफिक को अक्सर जाम का सामना करना पड़ता है। सर्विस लेन की चौड़ाई दोगुनी होने से न केवल स्थानीय व्यापारियों को लोडिंग-अनलोडिंग और पार्किंग में सुविधा होगी, बल्कि रोजाना आवाजाही करने वाले वाहन चालकों का समय भी बचेगा।

**खबर संक्षेप**

## इंटरनेशनल बॉक्सिंग में यर्थाथ को मिला सोना

**अभनपुर।** नई दिल्ली में आयोजित 5वीं इंटरनेशनल किक बॉक्सिंग कप 2026 प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के होनहार



खिलाड़ी यथार्थ द्विवेदी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। यथार्थ द्विवेदी ने न्यू रायपुर सेक्टर-27 स्थित एमबी एकेडमी में कोच मनीष बाघ सर, आर्यन सिंह एवं वरुण बाघ से प्रशिक्षण प्राप्त किया है। कठोर परिश्रम और अनुशासित अभ्यास के दम पर उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया।कोच मनीष बाघ ने बताया कि यथार्थ शुरू से ही प्रतिभाशाली खिलाड़ी रहे हैं और उनकी लगन व मेहनत का परिणाम आज पूरे देश के सामने है। इस सफलता पर खेल प्रेमियों एवं क्षेत्रवासियों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## क्रॉस कंट्री स्पर्धा के लिए पुरुष टीम रोहतक रवाना

**कूंरा।** अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय प्रतियोगिता जो महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक (हरियाणा) में 15 फरवरी 2026 को आयोजित है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की टीम आज रवाना हुई। टीम खिलाड़ियों को शारीरिक शिक्षा विभाग की संचालक प्रोफेसर डॉ. रीता वेणुगोपाल मैडम ,खेल निर्देशक प्रोफेसर डॉ. राजीव चौधरी सर ने शुभकामनाएं दी। पुरुष टीम में मनोज कुमार शासकीय महाविद्यालय अभनपुर, अर्जुन कोवाची छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर, बुद्धेश्वर पैकरा शारीरिक शिक्षा विभाग रायपुर ( यूटीडी), अजय भास्कर पं.हरिशंकर महाविद्यालय रायपुर,तोषण कुमार नेताजी सुभाष महाविद्यालय बेलभाटा अभनपुर,डोमन लाल दुर्गा महाविद्यालय रायपुर, व टीम मैनेजर, श्री भुनेश्वर राय शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार, कोच श्री राकेश कुमार पाल अ. क्रीड़ा अधिकारी शासकीय महाविद्यालय धरसीवा एवं विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी गण व स्टाफ के सदस्यों द्वारा अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी !

## पूर्व फौजी ईश्वर लाल दुपारे ने मरणोपरान्त किया देह दान

**आरंग।** परागांव निवासी भूतपूर्व सैनिक ईश्वर लाल दुपारे का 3 फरवरी को प्रातः 12:32 बजे आकस्मिक निधन हो गया, उनके



परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग आरंग खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विजय लक्ष्मी अनंत से संपर्क किया बीएमओ ने तत्परता दिखाते हुए मुख्य चिकत्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथलेश चौधरी से मार्गदर्शन लिया। जिला प्रशासन रायपुर कलेक्टर डॉ गौरव कुमार ने प्रोजेक्ट दधीचि (देहदान) अभियान चलाया है उनके निर्देशन पर स्वास्थ्य विभाग की टीम डॉ गगन देवांगन को परागांव भेज कर मृत्यु सर्टिफाईट कराकर एम्बुलेंस से मेडिकल कॉलेज रायपुर भेजा। जहाँ परिजनों के सहमति से देहदान की प्रक्रिया पूरा किया गया। उनके इस पुनीत कार्य को स्वास्थ्य विभाग सहित पूरा आरंग वासी सराहना कर रहे है।

## सर्व ब्राह्मण युवा मंच के अविनाश बने सचिव

**आरंग।** छत्तीसगढ़ सर्व ब्राह्मण समाज युवा मंच की नई कार्यकारिणी के विस्तार की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी



है। आरंग, जिला रायपुर के युवा राजपुरोहित अविनाश शर्मा की सामाजिक सक्रियता को देखते हुए उन्हें सर्व ब्राह्मण समाज युवा मंच का प्रदेश संगठन सचिव नियुक्त किया गया है। साथ ही उन्हें आरंग ब्लॉक युवा संगठन प्रभारी का दायित्व भी सौंपा गया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा की सहमति एवं मार्गदर्शन में, साथ ही सर्व ब्राह्मण समाज आरंग के अध्यक्ष नरेश चौबे की अनुशंसा पर की गई है। सर्व ब्राह्मण समाज युवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत शर्मा द्वारा प्रदेश समिति में राजपुरोहित अविनाश शर्मा की नियुक्ति की गई।

**निधन**

## तिलेश्वर जलछत्री

**आरंग।** आरंग निवासी 48 वर्षीय



तिलेश्वर जलछत्री का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके अंतिम यात्रा मे परिजन व नगरवासी शामिल हुए। वे उमाकांत के पुत्र व राजेश्वरी के पति थे।

# मंदिर हसौद रेलवे फाटक से मुसीबत बढ़ी, पालिका अध्यक्ष व पार्षदों ने सौंपा ज्ञापन

### समस्या के शीघ्र समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

रायपुर डिवीजन अंतर्गत मंदिर हसौद रेलवे फाटक (लेवल क्रॉसिंग) की पीड़ादायक एवं असहनीय समस्या से नगरवासियों तथा आसपास के ग्रामीणजनों को शीघ्र निजात दिलाए जाने हेतु ब्लॉक कांग्रेस चंदखुरी के अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव के नेतृत्व में कांग्रेसी पार्षदगण द्वारा डी.आर.एम. रायपुर दयानंद को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों ने कहा कि रायपुर डिवीजन अंतर्गत मंदिर हसौद रेलवे स्टेशन पर वर्षों से संचालित रेलवे फाटक की समस्या वर्तमान में अत्यंत असहनीय एवं कष्टप्रद बन चुकी है। यह समस्या नर्क में दी जाने वाली यातनाओं से भी बदतर हो चुकी है, जिससे नगरवासी एवं आसपास के ग्रामीणजन अत्यधिक व्यथित और परेशान हैं।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि मंदिर हसौद क्षेत्र में कुल दो लेवल क्रॉसिंग हैं। डबल लाइन होने के कारण ट्रेनों की आवाजाही बढ़ गई है, जिससे औसतन हर 5 से 10 मिनट के अंतराल में फाटक बंद हो जाता है। साथ ही क्षेत्र में ऑयल डिपो, एफ.सी.आई. एवं गैस प्लांट स्थित होने के कारण शंटिंग के दौरान फाटक अधिक समय तक बंद रहता है। ऐसी स्थिति में मरीजों,



फायर ब्रिगेड एवं एम्बुलेंस को घंटों इंतजार करना पड़ता है और कई बार दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि मंदिर हसौद रेलवे स्टेशन अंतर्गत साइडिंग क्षेत्र संचालित है, जहां प्रतिदिन विभिन्न कंपनियों का माल लोडिंग-अनलोडिंग होता है। भारी वाहनों के आवागमन से अत्यधिक धूल-डस्ट एवं प्रदूषण फैलता है, जहां एनजीटी के दिशा-निर्देशों का भी पालन नहीं हो रहा है। इस पर डी.आर.एम. द्वारा गुड्स शेड क्षेत्र में पानी छिड़काव, स्प्रिंकलर व्यवस्था, दीवार निर्माण एवं वृक्षारोपण कराने की बात कही गई है। वर्तमान में मंदिर हसौद एक घनी आबादी वाला निकाय है, जहां पैदल यात्रियों, दोपहिया एवं भारी वाहनों की आवाजाही लगातार बनी रहती है। फाटक बंद होने की स्थिति में भारी जाम लग जाता है, जिससे आपसी विवाद, गाली-गलौज एवं मारपीट की स्थिति निर्मित हो जाती है और कई मामलों में थाने तक शिकायत दर्ज करानी पड़ती है। नगरवासियों ने बताया कि माना एयरपोर्ट, नवा रायपुर एवं आसपास के गांवों तक पहुंचने के लिए मंदिर हसौद के इसी लेवल क्रॉसिंग से होकर गुजरना पड़ता है, क्योंकि कोई वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध नहीं है। हर 5–10 मिनट में फाटक बंद होने से यातायात जाम, मानसिक तनाव एवं चिड़चिड़ापन लगातार बढ़ता जा रहा है।

### धरसींवा की 150 साल पुराने सिद्ध हनुमान मंदिर के भव्य नवनिर्माण में दें अपनी आहुति

# करोड़ों की लागत से सिद्ध हनुमान मंदिर को भव्य एवं दिव्य धाम बनाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा/हेमंत वर्मा

आस्था और विश्वास की भूमि धरसींवा में इन दिनों एक ऐतिहासिक संकल्प को मूर्त रूप दिया जा रहा है। क्षेत्र के प्राचीन और सिद्ध हनुमान मंदिर, जिसकी स्थापना लगभग 150 वर्ष पूर्व हुई थी, उसे अब एक विशाल और भव्य तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है। करीब 3.15 करोड़ रुपये की भारी-भरकम लागत से तैयार हो रहा यह मंदिर आने वाले समय में न केवल आध्यात्मिक केंद्र बनेगा, बल्कि क्षेत्र की सामाजिक और आर्थिक तस्वीर बदलने की क्षमता भी रखता है। हालांकि, इस महायज्ञ में स्थानीय जनभागीदारी और प्रचार-प्रसार की कमी एक बड़ी चुनौती बनकर सामने आ रही है। मंदिर निर्माण समिति के अनुभव बताते हैं कि इस पावन कार्य में बाहरी क्षेत्रों के श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता है। वर्तमान में

- सिर्फ मंदिर नहीं, धरसींवा की नई पहचान बनेगी, बदलेगी क्षेत्र की तस्वीर



रायपुर और अन्य पड़ोसी जिलों के हनुमान भक्त इस निर्माण में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। साथ ही कुछ औद्योगिक घरानों और फैक्ट्री प्रबंधन का भी सराहनीय योगदान मिल रहा है। विडंबना यह है कि जिस सिद्ध हनुमान जी की महिमा की चर्चा दूर-दराज के इलाकों में है, उनके ही क्षेत्र के स्थानीय निवासियों में इस विशाल परियोजना को लेकर जानकारी का अभाव दिख रहा है। स्थानीय स्तर पर हनुमान जी की इस सिद्धि और मंदिर की भावी भव्यता को लेकर लोग अब भी पूरी तरह जागरूक नहीं हो पाए हैं, जिसके कारण स्थानीय सहयोग की गति थोड़ी धीमी है।

### *हनुमान जी का यह नया धाम हम सबकी साझा विरासत है*

*मंदिर समिति ने एक मार्मिक अपील जारी करते हुए कहा है कि 150 वर्षों से हमारे पूर्वजों के आराध्य रहे हनुमान जी का यह नया धाम हम सबकी साझा विरासत है। प्राचीन प्रतिमा की गरिमा को बनाए रखते हुए जो नया विन्यास तैयार किया जा रहा है, वह अद्वितीय है। इस पुनीत कार्य में प्रचार-प्रसार की कमी को दूर करने के लिए हर व्यक्ति को स्वयं एक माध्यम बनना होगा। समिति ने सभी भक्तगणों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और समर्थ नागरिकों से आह्वान किया है कि वे इस मंदिर निर्माण के संकल्प को अपना मानें और अपनी सामर्थ्य अनुसार आहुति दें।*

### यह मंदिर केवल ईंट-पत्थरों की इमारत नहीं

यह मंदिर केवल ईंट-पत्थरों की इमारत नहीं, बल्कि दक्षिण भारतीय और ओड़िशा की उत्कृष्ट स्थापत्य कला का एक बेजोड़ संगम होगा। मंदिर समिति अब तक करीब 1 करोड़ रुपये का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न करा चुकी है, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। अब अगले चरण के लिए लगभग 2 करोड़ रुपये की व्यवस्था करना एक बड़ी चुनौती है। समिति का मानना है कि यदि स्थानीय जनप्रतिनिधि, बड़े व्यवसायी और आम जनता इस कार्य की भव्यता और इसके भविष्य में होने वाले दूरगामी परिणामों को समझें, तो यह लक्ष्य कठिन नहीं है।

### धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा

इस मंदिर के निर्माण का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यहां का विकास है। आने वाले समय में जब यह स्थान एक प्रमुख तीर्थ क्षेत्र के रूप में स्थापित होगा, तो यहां धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इससे स्थानीय लोगों के लिए स्वरोजगार के अवसर पैदा होंगे और नए व्यवसाय पनपेंगे। मंदिर की भव्य व्यवस्था से पूरे धरसींवा क्षेत्र की बुनियादी व्यवस्थाओं में सुधार होगा। यह विडंबना ही है कि भविष्य के इस सुखद परिणाम को लेकर स्थानीय स्तर पर अभी वह वैचारिक गंभीरता नहीं दिख रही है, जिसकी आवश्यकता है।

# हीरालाल कालेज में फाइन और फैब्रिक आर्ट पर हुई वर्कशाप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

शासकीय काव्योपाध्याय हीरालाल महाविद्यालय में फाइन आर्ट एवं फैब्रिक आर्ट विषय पर दो दिवसीय आर्ट वर्कशॉप का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य के निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में रचनात्मकता, नवाचार, स्वरोजगार एवं स्वावलंबन की भावना विकसित करना रहा। कार्यशाला में फैब्रिक आर्ट, बॉटल आर्ट एवं कलर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मातृ कला निकेतन पिथौरा की डायरेक्टर श्रीमती अमृता श्रीवास्तव ने प्रेरक सत्र के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न आर्टिकल बनाना सिखाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार शुक्ला ने कला को रोजगार का सशक्त माध्यम बताते हुए विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा पहचानने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दिव्या चतुर्वेदी, डॉ. दीपा चतुर्वेदी एवं डॉ. नमृता श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

# पालिका के निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर से कर्मचारियों ने कहा कि वेतन के है लाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंदखुरी

नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद में आज कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह का औचक निरीक्षण हुआ। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी ने कलेक्टर से नगर की कई ज्वलंत समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की और मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) श्रीमती पूजा पिल्ले की कथित मनमानी एवं तानाशाही कार्यशैली की शिकायत दर्ज कराई। अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी ने कलेक्टर महोदय का ध्यान विशेष रूप से इन गंभीर मुद्दों की ओर आकर्षित किया।

- पेयजल संकट, कचरा संग्रहण में लापरवाही और प्रशासनिक मनमानी पर किया ध्यानाकर्षण

पेयजल संकट की समस्या हुई विकराल, - डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था में हो रही लापरवाही बरती जा रही और स्वच्छता एवं नियमित सफाई व्यवस्था का पूर्ण अभाव बना हुआ है। - पालिका कर्मचारियों को तीन-तीन महीनों से वेतन का भुगतान न होना, जो वित्तीय अनियमितता का गंभीर मामला है। इसके अलावा, अध्यक्ष ने सीएमओ पूजा पिल्ले द्वारा की जा रही कथित मनमानी और



तानाशाही शैली पर भी कड़े शब्दों में शिकायत की। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्यशैली से नगर की विकास योजनाएं प्रभावित हो रही हैं और जनता की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और शीघ्र निराकरण तथा त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया। उन्होंने नगर पालिका कार्यालय एवं संबंधित व्यवस्थाओं का भी मौके पर औचक निरीक्षण किया। अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि नगर की जनता लंबे समय से इन समस्याओं से जूझ रही है। कर्मचारियों का वेतन बकाया होना और सीएमओ की मनमानी से विकास रुक गया है।

# कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने सेजेस का निरीक्षण किया



**अभनपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पीसीसी सचिव प्रवीण साहू के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने पीएमश्री सेजेस अभनपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल में फंड के अभाव में मूलभूत सुविधाओं की कमी, शिक्षकों की कमी, साफ-सफाई, मरम्मत कार्य, खेल मैदान, शौचालय एवं अन्य व्यवस्थाओं की बदहाली का मुद्दा उठाया गया।

स्कूल प्रबंधन के अनुसार विद्यालय में 1163 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। बाउंड्रीवाल नहीं होने से असामाजिक गतिविधियों और चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं तथा कई महीनों से बिजली बिल भी बकाया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पूर्व में स्कूलों को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये दिए जाते थे, जबकि वर्तमान में केवल 1 लाख रुपये दिए जा रहे हैं, जिससे संचालन प्रभावित हो रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने शासन व शिक्षा विभाग से स्कूल में सुरक्षित, अनुशासित और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक संसाधन शीघ्र उपलब्ध कराने की मांग की। निरीक्षण के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विद्याभूषण सोनवानी, पालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी, पार्षद रानू राठी, डोमेन्द्र साहू, वीरेंद्र सिन्हा, बीरबल टंडन, पार्थ वैष्णव, हिम्मत सिंह, श्रीमती दीक्षा राठी, श्रीमती किरण साहू, श्रीमती भुनेश्वरी सिन्हा, श्रीमती रेणुका साहू, पूनम भारती, डॉ. ओम प्रकाश साहू, भूपेंद्र बजाज, दिनेश अम्बिलकर, डोमेश सिन्हा, शशि शर्मा, सोनजीत ध्रुव, शैलेंद्र यादव, मनीष गुप्ता, रवि साहू, कुलदीप भार्गव, सृजन शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 10वीं के छात्रों के विदाई समारोह में अंगूठों की छाप से बनाया स्मृतियों का वटवृक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

बचपन की शरारतें, क्लासरूम की वो यादें और गुरुओं का दुलार-इन सबको एक पल में समेट लेना आसान नहीं होता। कुछ ऐसा ही मंजर क्षेत्र के एम्बिशन इंग्लिश मीडियम स्कूल में देखने को मिला, जहां बोर्ड परीक्षा से ठीक एक सप्ताह पूर्व दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह किसी दिखावे या शोर-शराबे से दूर, सादगी और संवेदनाओं की एक ऐसी मिसाल था, जिसने उपस्थित हर व्यक्ति के दिल को छू लिया।

विदाई की इस बेला में विद्यार्थियों ने केजी बन से अब तक अपने करीब 13 साल के सफर को बेहद ही रचनात्मक और भावुक तरीके से पेश किया। केजी-1 की उस पहली सीढ़ी से लेकर दसवीं तक के सफर की यादों को संजोने के लिए बच्चों ने 'यादों का वटवृक्ष' तैयार किया। विद्यार्थियों ने कोरे कैनवास पर बने एक चित्र जो सूखे वृक्ष को अपने अंगूठों की छाप से बनी पत्तियों से सजाया। यह दृश्य देख वहां मौजूद हर किसी की आंखें भर आईं, क्योंकि अंगूठे की हर छाप के पीछे किसी का बचपन, किसी की हंसी और किसी का संघर्ष छिपा था। बच्चों ने दर्शाया कि जिस तरह एक वटवृक्ष अपनी जड़ों से जुड़ा रहता है, वैसे ही वे भी इस स्कूल से मिली सीख को जीवन भर अपने सीने से लगाकर रखेंगे।



### बोर्ड परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का लिया वादा

जैसे ही विदाई का समय करीब आया, स्कूल का शांत परिसर सिसकियों और भावुक कर देने वाले शब्दों से भर गया। अपने प्रिय शिक्षकों से अलग होने का गम बच्चों के चेहरों पर साफ झलक रहा था। शिक्षकों ने भी भारी मन से अपने इन लाड़लों को गले लगाया और उनके सिर पर हाथ रखकर बोर्ड परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का आशीर्वाद दिया। शिक्षकों ने बच्चों को सीख दी कि अंक तो जीवन का एक हिस्सा हैं, लेकिन एक नेक और ईमानदार इंसान बनना ही सबसे बड़ी उपलब्धि है।

### स्कूलों की गरिमा पर आंच नहीं आने देंगे : विद्यार्थी

विद्यार्थियों ने भी रुंधे गले से अपने शिक्षकों को यह भरोसा दिलाया कि वे दुनिया के किसी भी कोने में रहें, लेकिन स्कूल के आदर्शों को कभी आंच नहीं आने देंगे। उन्होंने वादा किया कि वे कठिन परिश्रम कर न केवल अपने माता-पिता और स्कूल का नाम रोशन करेंगे, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी बखूबी निभाएंगे। सादगी से भरे इस आयोजन में विदा होते समय बच्चों का स्कूल के प्रति प्रेम और शिक्षकों का वात्सल्य देखकर पूरा माहौल अत्यंत गमगीन हो गया। अंत में, पुरानी यादों के भारी मन और नई मंजिलों के सपनों के साथ विद्यार्थियों ने अपने स्कूल की चौखट को अंतिम बार नमन किया।

### पीसीसी चीफ ने मृतक के परिजनों से की चर्चा और राहत का दिया आश्वासन

# आदिवासी क्रेन-आपरेटर की हत्या के मामले में दो होटल कर्मचारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कूंरा

औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा की हनुमान इस्पात फेक्ट्री में क्रेन ऑपरेटर के पद पर कार्यरत शिवप्रसाद ध्रुव आदिवासी नामक युवक की होटल में हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है वहीं दूसरी ओर इस मामले में मृतक के परिजनों के प्रति फेक्ट्री प्रबंधन के गैरजिम्मेदाराना रवैया को लेकर कांग्रेस ने नाराजगी जताई है। जानकारी के मुताबिक 9 फरवरी की शाम औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा के फेस-02 स्थित अजय साहू की होटल में कुत्ते को भोजन खिलाने के विवाद को लेकर शिवप्रसाद ध्रुव की हत्या हुई थी।

### कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा फेक्ट्री

फेक्ट्री में काम करने वाले आदिवासी युवक की हत्या ओर फेक्ट्री के गैरजिम्मेदाराना रवैए के बाद पीसीसी चीफ के निर्देश पर पिछड़ा वर्ग प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष भावेश बघेल ओर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आशीष वर्मा बुधवार को जानकारी लेने हनुमान इस्पात पहुंचे फेक्ट्री में कोई जिम्मेदार न मिलने के बाद वह एचआर के एक कर्मचारी से चर्चा कर वापस रवाना हुए ।



### फेक्ट्री प्रबंधन व ठेकेदार के रवैए पर कांग्रेस ने जताई नाराजगी

हनुमान इस्पात में कार्यरत शिवप्रसाद ध्रुव की हत्या के बाद उसका शव धरसीवां के चीर घर में चौबीस घंटे तक रखा रहा परिवारजनों को दूसरे दिन दस फरवरी की सुबह दस बजे सूचना मिली तब बिछिया के देवरी से मृतक के ससुराल पक्ष के लोग पत्नी बच्चे ओर अनूपपुर जिले से मृतक के परिवार के लोग सिलतरा के लिए रवाना हुए ओर शाम को धरसीवा चीर घर पहुंचे जहां पोस्ट मार्डम के लिए मृतक का शव रखा था लेकिन इन चौबीस घंटे के दरम्यान जिस फेक्ट्री में वह ठेकेदार के अधीन क्रेन ऑपरेटर का काम करता था वहां से किसी ने भी उसकी कोई सुध नहीं ली। मृतक की पत्नी ओर परिजनों की माने तो घटना की सूचना मिलने के बाद उन्होंने ठेकेदार को कई बार काल किए लेकिन उन्होंने कल तक रिसीव नहीं किया।

### अपराध पंजीबद्ध विवेचना जारी

पुलिस चौकी सिलतरा के प्रभारी राजेंद्र सिंह कंवर ने बताया कि मृतक शिव प्रसाद धुर्वे पिता पटवारी प्रसाद धुर्वे अनुपपुर (मध्यप्रदेश) का निवासी था जो अपने दोस्तों के साथ खाना खाने होटल में गया था। उस समय होटल कर्मचारी पवन सेन एवं सागर साहू भी वहां मौजूद थे सागर साहू खाना खाते हुए थाली में खाना को छोड़कर होटल के किचन में गया इसी दौरान शिव प्रसाद धुर्वे ने सागर साहू की थाली का खाना कुत्ता को खिला दिया था इसी बात को लेकर विवाद इतना अधिक हुआ कि होटल कर्मचारी पवन सेन एवं सागर साहू ने शिव प्रसाद धुर्वे को होटल से घसीटते हुए निकालकर चाकू से उसके सीने में वार किए शिव प्रसाद धुर्वे को उसके साथियों द्वारा उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां डॉ. द्वारा शिव प्रसाद धुर्वे को चेक करने पर मृत घोषित किया गया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध थाना धरसींवा में अपराध क्रमांक 91/26 धारा 103, 351(2), 3(5) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया ओर दोनों आरोपियों पवन कुमार श्रीवास पिता जयमोहन श्रीवास उम्र 35 साल निवासी चिल्हाडी पचपेढ़ी जिला बिलासपुर एवं सागर साहू पिता कन्हैया साहू उम्र 24 साल निवासी ग्राम चरोदा थाना धरसींवा रायपुर को गिरफ्तार कर लिया।

# धान की अंतर राशि भुगतान में विलंब, किसानों से ठगी

**मंदिर हसौद।** नारायण प्रसाद कुर्रे पूर्व रायपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष व पूर्व मंडी अध्यक्ष ने भाजपा के सरकार को किसान विरोधी बताते हुए कहा की सरकार बने 2 साल बीत चुका उसके बाद भी किसान अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं । और कांग्रेस के कार्यकाल को याद कर अफसोस महसूस कर रहे हैं। जहां कांग्रेस कार्यकाल में बीज खाद से लेकर धन बेचने तक किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ता था। जहां धान खरीदी के अंतर के राशि को भी भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में जरूरत के समय तीज त्यौहार के पहले ही किसानों के खाते में डाल दिया जाता था। लेकिन जब से बीजेपी की सरकार सत्ता में बैठी है। तब से किसान बीज खाद के लिए दर-दर भटकना पड़ा और सरकारी रेट से अधिक दाम पर मार्केट से खाद किसानों को खरीदना पड़ा। जिसके चलते किसानों की खेती पिछड़ गई और किसानों की फसल में तना छेदक भूरा माहू सीत ब्लास्टिंग जैसे अनेकों बीमारी से फसल बर्बाद हुए, उसको उपरांत भी सरकार किसानों की धान बेचने के लिए टोकन का चक्कर काटना पड़ा , उसके बाद अब किसानों के धान के राशि का भुगतान नही कर पा रहे। जो 28 तारीख के तौल हुए धान का भुगतान अभी तक नहीं हुआ है, और तो और भाजपा सरकार चुनाव से पहले अपने घोषणा पत्र में किसानों की धान के खरीदी का भुगतान राशि 3100/ प्रति कुंटल एक मुक्त करने के वादा किया था।

# हाउसिंग बोर्ड ने बीते साल में 1023.70 करोड़ रुपए की संपत्तियों का विक्रय कर बनाया कीर्तिमान

## छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने बनाया 22 वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने वर्ष 2025 में 1023.70 करोड़ रुपए की संपत्ति का विक्रय कर नया कीर्तिमान बनाया है वहीं, इस वर्ष मात्र 40 दिनों में करीबन 200 करोड़ रुपये की संपत्तियों का विक्रय हाऊसिंग बोर्ड द्वारा किया जा चुका है। गुरूवार को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने अपना 22 वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष अनुराग सिंह देव एवं आयुक्त अवनीश शरण ने मंडल के सभी शाखाओं के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की। हाउसिंग बोर्ड की समीक्षा बैठक में अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने अधिकारियों को निरंतर बेहतर कार्य करने तथा हितग्राहियों को किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी योजनाओं की समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी एवं



समयबद्ध क्रियान्वयन पर जोर दिया। अनुराग सिंह देव ने समीक्षा बैठक में रिव्यु, रिफार्म और रेवोलुशन करने की बात कही। अध्यक्ष ने कहा कि कई वर्षो से रिक्त संपत्तियों में से 70 फीसदी संपत्तियों का विक्रय किया जा चुका है, शेष बची 30 फीसदी संपत्ति के विक्रय के लिए एक नयी पालिसी तैयार करें, जिसमें रिक्त भवनों के मरम्मत शामिल हों। हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने कहा कि नयी योजनओं में जो मकानों का विक्रय किया जा रहा है, उनमें सभी प्रयासों के अतिरिक्त साईट में एक टिन शेड ऑफिस बनाया जाये, जिसमें परियोजना के संबंध में सभी जानकारी, ब्रोशर उपलब्ध हो।

मंडल आयुक्त अवनीश शरण ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने और समयबद्ध प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी शाखाएं आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि योजनाओं का लाभ शीघ्रता से आम जनता तक पहुंच सके। समीक्षा बैठक में तकनीकी, विद्युत, लेखा, प्रशासन, संपदा, वास्तु, मार्केटिंग एवं आईटी शाखा से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अपर आयुक्त हर्ष कुमार जोशी, अजीत सिंह पटेल, एम. डी. पनारिया, आर. के. राठौर, एसके भगत, एचके वर्मा, मुख्य संपदा अधिकारी सुनील कुमार सिंह, मुख्य लेखा अधिकारी पूजा मिश्रा, उप आयुक्त बीबी सिंह जीपी प्रजापति, एसके शर्मा, विनोद कुमार गहरवार, वास्तुविद सीएल डोले सहित कार्यपालन अभियंता, संपदा अधिकारी एवं उपस्थित रहे।

---

## खबर संक्षेप

### विश्व रेडियो दिवस कार्यक्रम का मुख्यमंत्री आज करेंगे शुभारंभ

**रायपुर।** विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर शुक्रवार को रायपुर में राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रसार भारती और यूनेस्को द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। इस अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधियों के साथ ही आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव जैन, यूनेस्को की क्षेत्रीय संचार और सूचना सलाहकार हज्जाज माले, यूनेस्को के प्रतिनिधि, प्रसार भारती और आकाशवाणी के वरिष्ठ अधिकारी तथा विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ भी शामिल होंगे। शुभारंभ अवसर पर राष्ट्रगीत वंदेमातरम् के एक सौ पचास वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आकाशवाणी की विशेष स्मारक श्रृंखला "स्वाधीनता का जयघोष-वंदे मातरम्ः भारत की सांस्कृतिक धरोहर-एक संगीतमय यात्रा" के अंतर्गत अगले छह संगीत प्रस्तुतियों का डिजिटल विमोचन भी किया जाएगा।



### कलेक्टर ने की पिंक ई-रिक्शा की सवारी



**रायपुर।** कलेक्टर गौरव सिंह और जिला पंचायक सीईओ कुमार बिश्वरंजन ने गुरुवार को नवा रायपुर में निरीक्षण के दौरान पिंक ई-रिक्शा की सवारी की। कलेक्टर आरंग ब्लॉक के दौरे पर निकले थे, पर रास्ते पिंक ई-रिक्शा को जाते देखे उसे रूकवाया। रिक्शा को एक महिला चला रही थी। कलेक्टर ने रिक्शा में बैठने की इच्छा जताई, जिसके बाद महिला चालक ने उनका आग्रह स्वीकार कर उन्हें और सीईओ को रिक्शे में बैठाया।

### छत्तीसगढ़ की 4 सेंट्रल जेलों को आईएसओ गुणवत्ता प्रमाणन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की जेल व्यवस्थाओं में गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। उप मुख्यमंत्री एवं जेल विभाग के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के निर्देशन में राज्य की जेलों की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों का ही यह परिणाम है कि छत्तीसगढ़ की सेंट्रल जेल रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर एवं अम्बिकापुर को अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानक आईएसओ 9001:2015 का प्रमाणन प्राप्त हुआ है।

---

## जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 22 को

# सदस्यों के अनुमोदन के बाद भी कृषि विस्तार अधिकारियों पर एफआईआर नहीं, सामान्य सभा में हंगामे के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के अभनपुर क्षेत्र में लाखों रुपए का चना बीज घोटाला मामले में दोषी पाए गए दो कृषि विस्तार अधिकारियों के विरुद्ध जिला पंचायत रायपुर ने एफआईआर करने का अनुमोदन जिला कृषि विभाग को किया है। इस अनुमोदन के बाद भी विभाग संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध अब तक एफआईआर नहीं करा पाया है। इधर 22 फरवरी को जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक होने जा रही है। इस बैठक में घोटाला के दोषियों पर एफआईआर नहीं कराने के मामले में हंगामा होने के भी आसार रहेंगे, क्योंकि जिला पंचायत के सदस्य इस मामले में पूर्व में आरोप लगा चुके हैं कि विभाग दोषी अफसरों के विरुद्ध खानापूर्ति कार्रवाई कर उन्हें बचाने में लगा हुआ है। इधर कृषि विभाग के जिला अधिकारी का कहना है कि एफआईआर तभी होगी जब मुख्यालय से अनुमति मिलेगी।

### कई महत्वपूर्ण एजेंडों पर होगी चर्चा



#### 94.27 हेक्टेयर रकबा का चना बीज बेच खाए अफसर

गोबरा नवापारा तहसील क्षेत्र के ग्राम भुरका, तोरला, टीला, चंपारण सहित आसपास के गांव में कृषि विभाग की योजना के तहत 100 हेक्टेयर रकबा में प्रदर्शन के रूप में चना बीज की फसल लगाने के लिए 100 किसानों का चयन किया था। इन किसानों को 100 क्विंटल चना बीज निःशुल्क बांटा जाना था, लेकिन क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी मिथिलेश कुमार साहू एवं विनय कुमार सिंह ने वितरण में गड़बड़ी करते हुए महज 5.73 हेक्टेयर रकबा के लिए ही चना बीज का वितरण किया था, वहीं शेष 94.27 हेक्टेयर रकबा का चना बीज किसानों को वितरण नहीं कर बाजार में बेच खाए थे। अभनपुर तहसील स्तर पर की गई जांच रिपोर्ट में इसका खुलासा भी हो चुका है।

#### कार्रवाई लीपापोती से कम नहीं

इस घोटाला के सामने आने पर कृषि विभाग ने अपने स्तर पर 9 महीनों के बाद दोबारा इसकी जांच कराई है। इस जांच में भी दोनों अफसरों को दोषी पाया गया, लेकिन घोटाला को 94.27 क्विंटल की जगह मात्र 8 क्विंटल बीज बता दिया गया। इस तरह इन दोनों अफसरों पर कार्रवाई के नाम पर उनका एक वेतन वृद्धि रोकने एवं गायब बीज के एवज में मामूली राशि वसूली करने का आदेश जारी किया है। विभाग की इस जांच और कार्रवाई पर जिला पंचायत के सदस्यों ने लीपापोती का आरोप लगाते हुए मामले में दोषी अफसरों पर एफआईआर करने के लिए समान्य सभा में प्रस्ताव पारित कर विभाग को इसमें एक्शन लेने कहा है।

#### अनुमोदन का भेजा है

अभनपुर में चना बीज घोटाला मामले में दोषी पाए गए अफसरों के विरुद्ध एफआईआर कराने प्रस्ताव का अनुमोदन कर कृषि विभाग को भेजा है। इसके अलावा तिल्दा क्षेत्र में गेंहू व चना बीज अधिक दाम पर वितरण मामले में भी एफआईआर प्रस्ताव भेजा है। आगामी सामान्य सभा की बैठक में विभाग से इसकी जानकारी मांगी जाएगी।

**- नवीन अग्रवाल**, अध्यक्ष
जिला पंचायत रायपुर

#### लीपापोती हुई है कार्रवाई के नाम पर

इन दोनों मामलों में जो भी कार्रवाई हुई है, उसमें लीपापोती की गई है। दोषी पाए जाने के बाद भी कार्रवाई सिर्फ नामभर की हुई है, जबकि उनके विरुद्ध एफआईआर होनी चाहिए।

**- संदीप यदु**, उपाध्यक्ष,
जिला पंचायत रायपुर

#### एफआईआर के लिए प्रतिवेदन आया है

जिला पंचायत रायपुर से दोनों मामले में दोषी अधिकारियों के विरुद्ध एफआईआर कराने के लिए प्रतिवेदन आया है, लेकिन एफआईआर कराने से पहले मुख्यालय से अनुमति ली जाएगी। इसकी प्रक्रिया जारी है।

**- सतीश अवस्थी,**
उप संचालक, कृषि विभाग रायपुर

---

## भूपेश के 'ऑफर' पर केदार कश्यप का पलटवार

# बोले- भाजपा को उनकी जरूरत नहीं



कांग्रेस का रुख हमेशा नक्सलियों के प्रति नरम रहा - कश्यप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व सीएम भूपेश बघेल के भाजपा में शामिल होने के ऑफर वाले बयान पर कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि न तो छत्तीसगढ़ को उनकी आवश्यकता है और न ही भाजपा को। कश्यप के मुताबिक, इस तरह के बयान केवल सुर्खियों में बने रहने के लिए दिए जाते हैं। पूर्व मंत्री अमरजीत भगत द्वारा पीडीएस दुकानों के खाली होने के आरोप पर कश्यप ने पलटवार करते हुए कहा, जिन पर खुद प्रदेश को नुकसान पहुंचाने और मामलों में फंसने के आरोप हैं, वही अब सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने कहा, जो लोग पहले जिम्मेदार थे, वही आज विपक्ष में बैठकर आरोप लगा रहे हैं। नक्सली कमांडर हिडमा को लेकर दिए गए कथित बयानों पर भी कश्यप ने कांग्रेस को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का रुख हमेशा नक्सलियों के प्रति नरम रहा है। झीरम घाटी कांड का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, यदि कांग्रेस नेताओं के पास सबूत हैं तो उन्हें सार्वजनिक करना चाहिए।

#### बीजापुर विधायक की सुरक्षा पर प्रतिक्रिया

बीजापुर विधायक की सुरक्षा को लेकर उठे सवालों पर मंत्री कश्यप ने कहा, किसी को भी क्षेत्र में जाने से नहीं रोका गया है। संबंधित विधायक अक्सर बिना सुरक्षा के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जाते रहे हैं, ऐसे में सुरक्षा को लेकर सवाल उठाना उचित नहीं है। असम में कांग्रेस नेताओं की मौजूदगी पर प्रतिक्रिया देते हुए कश्यप ने कहा, भाजपा नेता चुनाव प्रचार के लिए जा रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा, उनके जाने का उद्देश्य क्या है, यह बाद में स्पष्ट होगा।

#### स्वास्थ्य क्षेत्र में विस्तार का दावा

बस्तर क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर मंत्री ने कहा, वर्तमान सरकार के कार्यकाल में तीन मेडिकल कॉलेज स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि आंतरिक क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है, ताकि लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें। युवा कांग्रेस की प्रस्तावित महापंचायत का स्वागत करते हुए कश्यप ने कहा, उम्मीद है कि कार्यक्रम में वास्तविक लोगों की भागीदारी होगी।

---

## युकां के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने नमस्ते चौक पर ली चाय की चुस्की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

युवा कांग्रेस के सम्मेलन में आए भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभान चिब उत्तर रायपुर के पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा के देवेंद्र नगर स्थित चौराहे नमस्ते चौक पहुंचे, यहां श्री जुनेजा से चर्चा के दौरान उन्होंने चाय की चुस्की ली और उनका व्यवहार तथा सादगी देख तारीफ की।

श्री शर्मा ने युवा कांग्रेस के स्थानीय नेताओं से श्री जुनेजा द्वारा आम लोगों की मदद करने की बात सुनकर गदगद हो गए। राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभान चिब ने उन्हें जननेता बताते हुए उनकी प्रशंसा की। इस दौरान रायपुर शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन, ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे, विधायक देवेंद्र यादव, युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा, दीपक मिश्रा, सोनू जसमीत शर्मा सहित रायपुर शहर एवं प्रदेश के युवा कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

---

## होली से पहले किसानों के आंगन में बरसेगा खुशियों का गुलाल : आलोक ठाकुर

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में लिए गए ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने राज्य के लाखों किसानों को होली पर्व से पहले धान की अंतर राशि (3100 रुपए प्रति क्विंटल के मान से) का एकमुश्त भुगतान करने के फैसले को ऐतिहासिक और किसान हितैषी बताया है। श्री ठाकुर ने कहा कि कैबिनेट के निर्णय अनुसार, राज्य के 25 लाख 24 हजार 339 किसानों को होली के पावन पर्व से पहले अंतर की राशि का भुगतान किया जाएगा। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में प्रदेश में रिकॉर्ड 141.04 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। श्री ठाकुर ने कहा कि सरकार केवल धान नहीं खरीद रही, बल्कि किसानों के पसीने की एक-एक बूंद की कीमत चुकाकर उनके पुरुषार्थ का सम्मान कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व वाली सरकार ने यह सिद्ध कर दिया है कि प्रदेश का अन्नदाता ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। होली से पहले एकमुश्त भुगतान का निर्णय किसानों के जीवन में न केवल आर्थिक संबल लाएगा, बल्कि उनके उत्सव के उल्लास को दोगुना कर देगा।



---

# अरुण साव, विजय बघेल, ओपी चौधरी को असम और पवन साय को बंगाल में बड़ी जिम्मेदारी

## अरुण साव, विजय बघेल दौरा कर लौटे, अब ओपी चौधरी एक सप्ताह के दौरे पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

असम और बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने प्रदेश के नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव को जहां असम में 9 विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई है, वहीं प्रदेश के वित्तमंत्री ओपी चौधरी को वहां पर दस विधानसभाओं का जिम्मा मिला है। वे करीब एक सप्ताह के असम प्रवास पर हैं। इसके अलावा दुर्ग के सांसद विजय बघेल को भी दस विधानसभाओं की कमान सौंपी गई है।

वे एक बार वहां का दौरा कर चुके हैं, फिर से वे 16 फरवरी को जाएंगे। इधर प्रदेश के संगठन महामंत्री पवन साय को बंगाल में 56 विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई है। वे लगातार वहां पर डटे हुए हैं। भाजपा का राष्ट्रीय संगठन लगातार प्रदेश के नेताओं को दूसरे राज्यों के विधानसभाओं की बड़ी जिम्मेदारी दे रहा है। अब तो भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बन गए हैं। वे भली भांति प्रदेश के नेताओं की क्षमता जानते हैं। ऐसे में अब यहां के नेताओं को और ज्यादा



जिम्मेदारी मिलने की संभावना है।

### असम के दौरे पर प्रदेश के नेता

प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव को असम में 9 विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई है। वे वहां का तीन दिनों का दौरा करके लौटे हैं। श्री साव ने असम प्रवास में लखीमपुर क्षेत्र के भीमपारा में एक भव्य जनसभा को संबोधित किया। वे लखीमपुर जिला समिति द्वारा आयोजित संगठनात्मक बैठक में शामिल हुए। श्री साव ने विधायक मानव डेका के साथ भीमपारा, लखीमपुर विधानसभा क्षेत्र में भी जनसभा को संबोधित किया। दुर्ग के सांसद विजय बघेल को डिब्रूगढ़ लोकसभा की दस विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई है। एक बार वे वहां का दौरा करके वापस आ गए हैं। श्री बघेल ने बताया वे फिर से 16 फरवरी से अपनी जिम्मेदारी वाली विधानसभाओं का दौरा करेंगे। प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी को 10 विधानसभाओं का जिम्मा दिया गया है। वे असम के दौरे पर गए हैं। असम दौरे के कारण ही उनका भाजपा के सहयोग केंद्र में समस्याएं सुनने का 12 फरवरी का कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा।

### पवन साव बंगाल में डटे

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय पर बड़ा भरोसा जताते हुए भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने उनको वहां पर 56 विधानसभाओं का जिम्मा दिया है। वे वहां का बीते साल दिसंबर से लगातार दौरा कर रहे हैं। इस समय वे वहां पर डटे हुए हैं। उन्होंने अपनी जिम्मेदारी वाली सभी विधानसभा में बैठक लेकर उनकी जानकारी ली है और उसके हिसाब से वहां पर जकी रणनीति बना रहे हैं।

---

# ईवी चार्जिंग के लिए नए नियम, राज्य सरकार ने 15 दिनों में बुलाई दावा-आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में इलेक्ट्रिकल व्हीकल (ईवी) की चार्जिंग के लिए पहली बार नियम बनाए गए हैं। इन नियमों को राजपत्र में अधिसूचित करने के साथ ही 15 दिनों में दावा-आपत्ति मंगाई गई है। इसका निराकरण करने के बाद यह लागू किया जाएगा। बताया गया है कि इस संबंध में भूमि विकास नियम के तहत प्रावधान शामिल किए जा रहे हैं।

इस संबंध में राज्य सरकार के आवास एवं पर्यावरण विभाग ने अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित करवाई है, सर्व संबंधित तथा प्रभावित होने वाले लोगों से दावा-आपत्ति मंगाई गई है। बताया गया है कि भूमि विकास नियम के तहत ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाने के लिए ले-आउट पास कराने के लिए इस संबंध में कोई उल्लेख नहीं था। अब



नए संशोधन को नियम में शामिल किया जा रहा है। इस संबंध में हालांकि भारत सरकार का नियम है, उसी के अनुरूप राज्य सरकार भी समावेशन कर रही है। अब ईवी चार्जिंग सेंटर के लिए ले-आउट पास हो सकेगा। यही कारण है सरकार द्वारा अधिसूचना का प्रकाशन कर दावा-आपत्ति मंगाई गई है।

### ये है संशोधन प्रारूप

भूमि विकास नियम में संशोधन का प्रारूप ये है- इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) चार्जिंग एवं सर्विस सेंटर के लिए विकास मानदंड इस प्रकार होंगे। इसके लिए स्वीकार्य परिक्षेत्र , मध्य क्षेत्र, उप मध्य क्षेत्र, जिला केन्द्र ) सामुदायिक केन्द्र (केवल भराव केन्द्र) नगरीय क्षेत्रों में आवासीय व सार्वजनिक चार्जिंग केन्द्र (पीसीएस) (न्यूनतम आवश्यकताएँ विद्युत मंत्रालय के मार्गदर्शिकाओं के अनुसार) होंगे। लेकिन साथ ही ये भी साफ किया गया है कि यह ऐसी सड़क पर स्थापित नहीं किया जाएगा, जिस पर मार्ग का अधिकार 30 मीटर से कम हो। इसके साथ ही ये चार्जिंग स्टेशन औद्योगिक उपयोग क्षेत्र, राष्ट्रीय राजमार्ग व राज्य राजमार्ग के किनारे, विकास केन्द्रों के रूप में चिन्हित ग्राम, माल परिवहन कॉम्पलेक्स, प्रस्तावित प्रमुख सड़कें, व पुलिस सुरक्षा बल सेवाएं (केवल स्वयं के उपयोग हेतु) भी शुरू किए जा सकेंगे।

---

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ शासन के बीच उन्नत वेतन पैकेज के लिए एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के नियमित कर्मचारियों को आकर्षक एवं व्यापक बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बैंक ऑफ महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ शासन के मध्य एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत बैंक में वेतन खाता संचालित करने वाले राज्य सरकार के सभी नियमित कर्मचारियों को 'गवर्नमेंट प्राइड सैलेरी सेविंग स्कीम' के अंतर्गत उन्नत निःशुल्क सुविधाएं एवं बीमा कवर प्रदान किए जाएंगे।

### व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा सवा करोड़ का

समझौते के अनुसार बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा खाताधारक कर्मचारियों को व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा एक करोड़ 25 लाख रूपए तक, हवाई दुर्घटना बीमा एक करोड़ रूपए तक, स्थायी पूर्ण विकलांगता कवर एक करोड़ 25 लाख रूपए तक तथा टर्म इंश्योरेंस 10 लाख रूपए प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही गोल्डन आवर के अंतर्गत 1 लाख रूपए तक कैशलेस उपचार सुविधा उपलब्ध होगी। कर्मचारियों को बालिका विवाह लाभ 10 लाख रूपए तक एवं बच्चों की उच्च शिक्षा हेतु 10 लाख रूपए तक का लाभ भी प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त खाताधारकों को अन्य आकर्षक बैंकिंग लाभ उपलब्ध कराए जाएंगे तथा स्वास्थ्य बीमा पर टॉप-अप जैसी वैकल्पिक सुविधाएं रियायती दरों पर प्रदान की जाएंगी। यह समझौता ज्ञापन 10 फरवरी 2026 को शीतल शाश्वत वर्मा, विशेष सचिव, वित्त विभाग, छत्तीसगढ़ शासन तथा वी. वेंकटेश, अंचल प्रबंधक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, रायपुर अंचल की उपस्थिति में हुआ। यह पहल राज्य सरकार के नियमित कर्मचारियों को अधिक सुरक्षित, सुविधाजनक एवं लाभप्रद बैंकिंग सुविधा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

---

# युवा मनरेगा संशोधन संग्राम : नए नियम पूर्ण नहीं करेंगे मनरेगा के उद्देश्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मनरेगा संशोधन के विरोध में यूथ कांग्रेस ने अब सड़क पर उतरने का फैसला किया है। प्रदेश यूथ कांग्रेस द्वारा युवा मनरेगा संशोधन संग्राम का आयोजन गुरुवार को पंडित जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल महाविद्यालय ऑडिटोरियम में किया गया। इस प्रदेश स्तरीय युवा महापंचायत में उमड़ा हजार से अधिक युवा शामिल हुए। लोकसभा से लेकर पंचायत स्तर तक चुनाव लड़ चुके युवाओं तथा एसटी-एससी व ओबीसी वर्ग के युवाओं को इस महापंचायत में प्रमुख स्थान दिया गया। प्रदेश के सभी जिलों और हर विधानसभा क्षेत्र से आए युवाओं ने मनरेगा संशोधन के मुद्दे पर अपनी बात रखते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा योजना के नाम और कार्यशैली में किए गए बदलाव रोजगार अधिकार पर सीधा आघात है।

### घेराव-पदयात्रा की तैयारी

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, संसद से लेकर पंचायत तक चुनाव लड़ चुके युवाओं ने हमेशा जनता के मुद्दों को उठाया है। 2028 में छत्तीसगढ़ और 2029 में केंद्र से इस 'गूंगी-बहरी' सरकार को हटाने का लक्ष्य युवाओं को ही पूरा करना है। प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा, आने वाले समय में युवा कांग्रेस मनरेगा और अन्य मुद्दों पर केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ बड़े आंदोलन, घेराव, और पदयात्रा करने जा रही है। नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, पूर्व मंत्री डॉ. शिव कुमार डेहरिया, विधायक देवेंद्र यादव, विधायक बालेश्वर साहू, विधायक रामकुमार यादव विधायक राघवेंद्र सिंह पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, पूर्व महापौर एजाज डबर, नगर पालिका अध्यक्ष निखिल कांत साहू शहर जिला अध्यक्ष शिवकुमार मेनन, ग्रामीण अध्यक्ष पप्पू बंजारे, पूर्व सभापति प्रमोद दुबे, पंकज शर्मा, पूर्ण चंद पहाड़ी, महासचिव दीपक मिश्रा, आनंद सिंह सहित अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

**हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार, दो किलो गांजा जब्त : रायपुर।** तेलीबांधा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने गांजा बेचने के आरोप में अभय मिर्चे को गिरफ्तार किया है।


## निधन

### संध्या देवी शर्मा



**रायपुर।** भोला गैरेज सिद्धार्थ चौक टिकरापारा निवासी संध्या देवी शर्मा (63) का 12 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 13 फरवरी को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे राजेश शर्मा की पत्नी थीं।

### अशोक शर्मा



**रायपुर।** दुबे कॉलोनी मोवा निवासी अशोक शर्मा कठिया वाले (69) का 12 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रेस के प्रसार प्रतिनिधि राकेश शर्मा और योगेश शर्मा के पिता थे।

### रुक्मिणी देवी दुबे



**रायपुर।** सुंदर नगर एसबीआई कॉलोनी निवासी रुक्मिणी देवी दुबे का निधन हो गया। वे रिटायर्ड बैंक अधिकारी अनिलधर दुबे और अतुलधर दुबे की माता थीं।

### हिरदाराम वलेचा



**रायपुर।** अवंति विहार निवासी हिरदाराम वलेचा का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 13 फरवरी को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे भरत, अमित वलेचा के पिता और रमेश वलेचा के चाचा थे।

# आरटीओ के नाम पर ई-चालान भेज कर अकाउंट में सेंध लगाने वाले दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आरटीओ के नाम पर ई-चालान भेजकर पूरे देश में ठगी करने वाले दो शातिरों को रेंज साइबर पुलिस ने राजस्थान से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी आरटीओ चालान के नाम से फर्जी एसएमएस भेजकर लोगों का मोबाइल हैक करते थे, फिर अकाउंट से रकम ट्रांसफर कर ठगी करते थे। रेंज साइबर पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी ठगी के मास्टर माइंड हैं। ठग गिरोह के तीन सदस्यों को रेंज साइबर पुलिस पूर्व में ही गिरफ्तार कर चुकी है।

खास खबर

## रेंज साइबर पुलिस ने दोनों शातिरों को राजस्थान से किया है गिरफ्तार

### टास्क देकर ठगी

पूछताछ में दोनों जालसाजों ने पुलिस को बताया है कि उनके द्वारा सोशल मीडिया यूजर को यूट्यूब और सोशल मीडिया पर टास्क कंपलीट, इंसटेंट बोनस रेफरल जैसे लालच देकर विनमेट, विंगो जैसे फर्जी ऐप डाउनलोड करवाते थे। उक्त ऐप प्ले स्टोर पर उपलब्ध नहीं होते। इंस्टॉल होते ही यूजर्स के फोन से बड़ी संख्या में धोखाधड़ी वाले एसएमएस भेजे जाते थे, जिनमें हैकिंग लिंक होते थे। लिंक पर क्लिक करते ही मोबाइल हैक हो जाता और बैंक खाते से रकम निकाल ली जाती थी।


नरसिंह


पृथ्वी कुमार

### ठगी की रकम को इस तरह लगाते थे ठिकाने

पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि ठगी की रकम को ठिकाने लगाने के लिए वो स्विगी, इंस्टामार्ट जैसे क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म से सामान मंगवाकर अलग-अलग राज्यों में डिलीवरी कराते थे। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने मोबाइल, सिम कार्ड और बैंक खातों से जुड़े दस्तावेज जब्त किए हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि केवल अधिकृत ऐप स्टोर से ही ऐप डाउनलोड करें और किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें। साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करें या साइबर क्राइम डॉट जीओवी डॉट इन पर शिकायत दर्ज कराएं।

फर्जी ई-चालान भेज करठगी करने के आरोप में पुलिस ने राजस्थान, बाड़मेर तथा जोधपुर से पृथ्वी कुमार बिश्नोई उर्फ राहुल तथा नरसिंह सिंह को गिरफ्तार किया है।

विधानसभा थाना में धर्मेंद्र सिंह ने जनवरी में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरटीओ ई-चालान के नाम से मैसेज के लिंक को क्लिक करने पर अकाउंट से साढ़े चार लाख रुपए किसी दूसरे के अकाउंट में ट्रांसफर हो गया। जांच के दौरान गूगल, बैंक, मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों और टेलीग्राम से मिले तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर रेंज साइबर पुलिस आरोपियों का लोकेशन ट्रेस किया और राजस्थान में दबिश देकर दोनों को गिरफ्तार किया।

## जलबोर्ड, जोन टीम और पार्षदों के साथ चंगोराभाठा पहुंचीं मीनल

# चंगोराभाठा पानी टंकी अब 2 वार्डों की प्यास बुझाएगी, मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- महापौर मीनल चौबे ने अधिकारियों को दिए निर्देश
- तकनीकी समस्या के कारण हो रही थी दिक्कत



चंगोराभाठा की 32 लाख किलोलीटर वाली पानी टंकी अब 3 की जगह 2 वार्डों के रहवासियों को पानी की आपूर्ति करेगी। इस टंकी से डॉ. खूबचंद बघेल और भक्त कर्मा माता वार्ड को जल आपूर्ति होगी, जबकि माधवराव सप्रे वार्ड में रायपुरा पानी टंकी से पानी आएगा। ऐसा इसलिए किया जा रहा है, क्योंकि चंगोराभाठा पानी टंकी से 3 वार्डों में पेयजल आपूर्ति में तकनीकी समस्या के चलते जल आपूर्ति में परेशानी हो रही थी। महापौर मीनल चौबे ने जल विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि चंगोराभाठा पानी टंकी से दो वार्ड को पानी आपूर्ति की जाए। गुरुवार को जल बोर्ड के अधिकारियों और जोन 5 और 8 के अधिकारियों के साथ महापौर मीनल चौबे चंगोराभाठा पानी टंकी पहुंचीं।

गर्मी से पूर्व शहर में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था मजबूत करने महापौर मीनल चौबे इन दिनों शहर के पानी टंकियों में जल भराव की स्थिति और पेयजल प्रबंधन का प्रत्यक्ष निरीक्षण कर रही हैं। एक दिन पूर्व वे ईदगाह भाठा पानी टंकी पहुंचकर जोन 5 के अधिकारियों और जलबोर्ड के सदस्यों के साथ जल वितरण की स्थिति की जानकारी ली। गुरूवार को वे चंगोराभाठा पानी टंकी का प्रत्यक्ष अवलोकन करने पहुंचीं। जल बोर्ड के अधिकारियों को महापौर मीनल चौबे ने निर्देश दिए हैं कि रायपुर नगर निगम क्षेत्र में जोनो की जल विभाग की टीमो को लेकर वे स्पॉट पर जाएं और सभी जलागारो के टंकियों के कमांड एरिया की वास्तविक जानकारी लें। महापौर ने कहा कि कमांड एरिया क्षेत्र के तहत डिस्ट्रीब्यूशन पाईप लाईन प्रणाली को शीघ्र सुव्यवस्थित किया जाये। उन्होंने सभी जोन अधिकारियों और जल बोर्ड के अधिकारियों को निगम क्षेत्र में अवैध नल कनेक्शनों पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही कर उन्हें विच्छेद कर उनका नियमितिकरण सुनिश्चित कराने निर्देश दिए। इसके साथ ही फील्ड पर निकलकर नलों का पानी टूल्लू पंप से खींचने वालो पर कार्यवाही कर टूल्लू पंप की जप्ती करने और गंदा पानी आने की समस्या का समाधान निर्देशित किया।

### ये रहे उपस्थित

महापौर मीनल चौबे के साथ स्थल निरीक्षण के समय जल बोर्ड के अधिकारी अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा जूनियर, उपअभियंता रमेश पटेल,जोन 5 कमिश्नर खीरसागर नायक, जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल, कार्यपालन अभियंता लाल महेन्द्र प्रताप सिंह, उपअभियंता टिकेन्द्र चंद्राकर सहित माधवराव सप्रे वार्ड पार्षद महेन्द्र औसरडॉ. खूबचंद बघेल वार्ड पार्षद दुर्गा -यादराम साहू की उपस्थिति रही।

## धोबीपारा, यादव पारा और अर्जुन चौक में पानी की समस्या

# पानी का फोर्स बढ़ाने वॉल्व लगाए, समस्या जस के तस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम का जल बोर्ड पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड में पानी के लो प्रेशर की समस्या नहीं सुलझा पाया है। 22 जनवरी को नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने निगम आयुक्त सहित जल बोर्ड के अधिकारियों को बुलाकर वार्ड में पानी की समस्या से अवगत कराया। नेता प्रतिपक्ष कहना था कि जो पुरानी 4 इंच की पाइप लाइन है, उसे अर्जुन चौक तक सीमित कर दिया जाए इससे वहां पानी का फोर्स बढ़ेगा। तथा अहिल्या



बाई होलकर चौक से एक नई 4 इंची पाइप लाइन शिवमंदिर तक बिछा दी जाए तो इससे शिव मंदिर के गली नंबर 1 से 5 तक अमृत मिशन से पानी मिलने लगेगा। जबकि जल बोर्ड के अधिकारियों द्वारा कहा गया कि कि अर्जुन चौक के पास वाल्व लगा कर देख लेते हैं , इससे लो प्रेशर की समस्या दूर हो जाएगी, पर 3 वाल्व लगवाने के बाद भी पानी का प्रेशर नहीं बढ़ पाया। नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने गुरूवार को निगम आयुक्त विश्वदीप को वार्ड में बुला कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया है। नेता प्रतिपक्ष ने जल बोर्ड के अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा है कि 3 लाख से लेकर 5 लाख रुपए के 3 वाल्व लगाने के बाद भी स्थिति जस के तस बनी हुई है, क्या इसी तरह महापौर मीनल चौबे का जल बोर्ड काम करेगा? आने वाले गर्मी में पेयजल वितरण का हाल क्या होगा यह गभीर चिंता का विषय है।

# बढ़ेगा न्यूनतम तापमान, गायब होगी सुबह की हल्की ठंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकतर जिलों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री से अधिक होने के कारण दिन में हल्की गर्मी का अहसास हो रहा है। दूसरी ओर, न्यूनतम तापमान 20 डिग्री से कम होने के कारण अलसुबह हल्की ठंड महसूस हो रही है, लेकिन कुछ दिनों के अंतराल में सुबह के समय महसूस हो रही यह हल्की ठंड भी गायब हो जाएगी। ऐसा पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण होगा। लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ क्रमशः 13 फरवरी और 16 फरवरी को उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करेंगे। मौसम इस दौरान शुष्क ही रहेगा।

प्रदेश में कल दिनांक 13 फरवरी को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। 13 और 14 फरवरी को न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि ही होगी। अधिकतम तापमान में भी कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। इसके पश्चात बाद न्यूनतम तापमान में क्रमिक वृद्धि संभावित है। पूरे छग में इसका प्रभाव दिखेगा। तापमान में वृद्धि के साथ

### माना में तापमान 15 डिग्री से नीचे

*रायपुर के आउटर में अपेक्षाकृत अधिक ठंड का अहसास हो रहा है। माना में न्यूनतम तापमान 14.9 डिग्री दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान भी शहर से एक डिग्री कम 31.8 डिग्री रहा। रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 2 डिग्री अधिक 32.2 डिग्री रहा। न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.7 डिग्री अधिक 18.1 डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान जगदलपुर में 32.7 डिग्री रहा। सबसे कम तापमान अंबिकापुर में 9.5 डिग्री दर्ज किया गया। वर्षा के आंकड़े पूरे प्रदेश में निरंक रहे। आने वाले 7 दिनों तक अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।*

## बिजनेस साइट

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र और राज्य सरकार ने हस्ताक्षर किए महत्वपूर्ण एमओयू

**रायपुर।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने राज्य सरकार के नियमित कर्मचारियों के लिए विशेष बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करने हेतु राज्य सरकार के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस एमओयू के तहत, बैंक में वेतन खाता रखने वाले कर्मचारियों को 'गवर्नमेंट प्राइड सैलरी सेविंग स्कीम' के अंतर्गत उन्नत निशुल्क सुविधाएं और बीमा कवर उपलब्ध होंगे। खाताधारकों को व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा 125 लाख, हवाई दुर्घटना बीमा 100 लाख, स्थायी पूर्ण विकलांगता कवर 125 लाख, टर्म इंश्योरेंस 10 लाख, गोल्डन आवर कैशलेस ट्रीटमेंट 1 लाख, बालिका विवाह लाभ 10 लाख और बच्चों की उच्च शिक्षा लाभ 10 लाख तक मिलेगा। इसके



अतिरिक्त, स्वास्थ्य बीमा पर टॉप-अप और अन्य वैकल्पिक सुविधाएं रियायती दरों पर उपलब्ध होंगी। समझौता ज्ञापन विशेष सचिव वित्त विभाग शीतल शाश्वत वर्मा और अंचल प्रबंधक बैंक ऑफ महाराष्ट्र रायपुर अंचल वी. वेंकटेश की उपस्थिति में संपन्न हुआ। यह पहल कर्मचारियों को सुरक्षित और लाभप्रद बैंकिंग अनुभव प्रदान करेगी।

# बीआईएस का जिला-स्तरीय अधिकारियों के लिए संवेदीकरण कार्यक्रम



**रायपुर।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), रायपुर शाखा कार्यालय द्वारा कोरबा जिले के जिला-स्तरीय अधिकारियों के लिए एक संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों से 100 से अधिक अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुणाल दुदावत, आईएएस, जिला कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी, छत्तीसगढ़ शासन ने की। प्रमुख उपस्थित अधिकारियों में आशुतोष पांडेय, दिनेश कुमार नाग, देवेंद्र पटेल, तन्मय खन्ना, क्षितिज गुरभेले, ओंकार यादव, कौशल तेंदुलकर, रोहित सिंह, मनोज कुमार बंजारे और सरोज कुमार महिलांगे शामिल थे। बीआईएस के वैज्ञानिक-डी/संयुक्त निदेशक फालेन्द्र कुमार ने मानक-चिह्नित उत्पादों, शैक्षणिक संस्थानों में मानक क्लब, उपभोक्ता जागरूकता, ग्राम पंचायत प्रशिक्षण, हॉलमार्किंग और प्रबंधन प्रणाली प्रमाणन जैसी महत्वपूर्ण विषयों पर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों को भारतीय मानकों के महत्व से अवगत कराना और सरकारी क्रय एवं कार्यान्वयन में बीआईएस मानकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना था।

उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्राप्ति हेतु
**(आदेश-5, नियम-20 एवं 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)**
**न्यायालयः-कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.**
उत्तराधिकार प्र.क्र.-25/2026 प्रो.क्र. 94/26
पेशी तारीख 19.03.2026
प्रवीण कुमार ......... आवेदकगण
बनाम
आम जनता .........अनावेदकगण
प्रति,
**आम जनता जिसका इस केस से संबंध हो अनावेदकगण**
जो कि आवेदकगण के मृतक पति/ पिता स्व. श्री खेमलाल वर्मा के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में पेशी 19.03.2026 को दिन प्रातः 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए समंस किया जाता है।
आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें, जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।
अतः आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेंगा।
**नोटः**- यदि किसी कारणवश आगामी पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेंगा।
यह आज तारीख 05.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
रायपुर छ.ग.
दिनांक 05.02.2026
(कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा)
षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
रायपुर (छ.ग.)
मुहर

**पत्र क्र./28379/न.पा.नि./जोन क्र.-5/ 2026, रायपुर, दिनांक 10/02/2026**
**//इश्तिहार//**
**नामंतरण प्र.क्र. 28379**
**वार्ड का नाम- 66 वामनराव लाखे वार्ड**
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 66 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR664B00343 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती PURAN DAS KATHURE पिता/पति श्री/श्रीमती SHIV PRASAD KATHURE के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती Bharti Chakrawarti पिता/पति श्री/श्रीमती Gurudatt Vyas ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करें।
**श्री खीरसागर नायक**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन (5)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**समक्ष : श्रीमान अनुविभागीय दंडाधिकारी महोदय, रायपुर (छ.ग.)**
**शपथ - पत्र**
शपथकर्ता : - जितेश मार्कण्डेय पिता परमानन्द मार्कण्डेय, निवासी शांति विहार कॉलोनी डगनिया रायपुर छत्तीसगढ़
1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है ।
2. यह कि, वर्तमान में मेरे पुत्र का नाम जन्म प्रमाण पत्र एवं स्कूल की अंकसूची में क्रिश मारकांडे (KRISH MARKANDEY) पिता जितेश कुमार मार्कंडेय (JITESH KUMAR MARKANDEY) जन्म तिथि 29/06/2014 लिखा है।
3. यह कि मैं मेरे पुत्र का नाम बदल कर कृष्णादेव मार्कण्डेय (KRISHNADEV MARKANDEY) पिता जितेश मार्कण्डेय JITESH MARKANDEY) करना चाहता हूँ।
4. यह कि, दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है ।
5. यह की मैं मेरे पुत्र के सभी शासकीय/गैर शासकीय/राजस्व अभिलेखों तथा प्रमाण पत्रों में नया नाम कृष्णादेव मार्कण्डेय (KRISHNADEV MARKANDEY) पिता जितेश मार्कण्डेय (JITESH MARKANDEY) दर्ज करना चाहता हूं इस आशय से छत्तीसगढ के राज-पत्र में यह सूचना प्रकाशन करना चाहती हूँ। जिस बाबत यह शपथ पत्र प्रस्तुत है ।
**सत्यापन :-**
मैं शपथकर्ता जितेश मार्कण्डेय पिता परमानन्द मार्कण्डेय, निवासी शांति विहार कॉलोनी डगनिया रायपुर छत्तीसगढ़ सत्यापित करता हूँ कि, इस शपथ पत्र की समस्त जानकारी मेरे स्वतः की जानकारी से सत्य एवं सही है अतः आज दिनांक 25/06/2025 को रायपुर (छ.ग.) में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापन करता हूं।
**शपथकर्ता**
**जितेश मार्कण्डेय**










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## सेवारत शिक्षकों के लिए पृथक टीईटी की मांग

**रायपुर।** छग शिक्षक संघ ने वर्तमान में सेवारत शिक्षकों के लिए पृथक रूप से विभागीय स्तर पर टेट आयोजित कराने की मांग की है। अब तक व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा ही टेट का आयोजन किया जाता रहा है। व्यापम सामान्यतः दो वर्ष अथवा इससे अधिक अंतराल में टेट का आयोजन करता है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार पदोन्नति के लिए सेवारत शिक्षकों के लिए भी टेट अनिवार्य कर दिया गया है। टेट उत्तीर्ण नहीं होने पर शिक्षकों को पदोन्नति नहीं मिल सकेगी। चूंकि व्यापम नियमित रूप से टेट का आयोजन नहीं करता है, ऐसे में एक बार असफल होने पर शिक्षकों को पुनः लंबा इंतजार करना पड़ेगा। इससे उनकी पदोन्नति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

## प्रेस क्लब में विशेष स्वास्थ्य जांच और आयुष्मान कार्ड शिविर आज

**रायपुर।** रायपुर प्रेस क्लब के सदस्यों एवं उनके परिजनों के बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ आयुष्मान कार्ड निर्माण एवं नवीनीकरण की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। यह शिविर जिला स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय एवं रायपुर प्रेस क्लब के तत्वावधान में 13 फरवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। शिविर में आयुष्मान कार्ड, वय वंदना कार्ड, स्त्रीरोग, शिशुरोग, अस्थि रोग, एमडी मेडिसिन, नेत्ररोग, कान-नाक-गला, पेट रोग, दंत रोग, सामान्य जांच, ब्लड टेस्ट, सोनीग्रॉफी एवं ईको टेस्ट, हार्ट के लिए सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

## पुलिस कमिश्नर से मुलाकात, महिला शक्ति अभियान की दी जानकारी



**रायपुर।** मिशन महिला शक्ति अभियान के अंतर्गत उत्कल महिला महामंच की अध्यक्ष एवं मिशन महिला शक्ति अभियान की अध्यक्ष सावित्री जगत ने अपनी महिला टीम के साथ राजधानी रायपुर के पहले पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर श्रीमती जगत ने कमिश्नर डॉ. शुक्ला को राजधानी में चलाए जा रहे मिशन महिला शक्ति अभियान की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने राजधानी में महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा पुलिस-प्रशासन की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि महिलाओं के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित हो तथा उनके सम्मान में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आनी चाहिए। जिस पर कमिश्नर डॉ. शुक्ला ने भी अभियान की सराहना करते हुए महिलाओं की सुरक्षा एवं जागरूकता के प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया।

# बोर्ड ऑनलाइन माध्यम से बताएगा प्राचार्यों को, किस तरह कराएं मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

सीबीएसई ने बोर्ड परीक्षा 2026 की तैयारी को लेकर 13 फरवरी को लाइव वेबकास्ट आयोजित करने का फैसला किया है। इसमें नई गाइडलाइंस, ऑन-स्क्रीन मार्किंग और एग्जाम प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। सभी स्कूलों, शिक्षकों और परीक्षा स्टाफ के लिए इसमें शामिल होना जरूरी रहेगा। यह वेबकास्ट परीक्षा की नई व्यवस्था, गाइडलाइंस और मूल्यांकन प्रक्रिया को समझाने के लिए किया जाएगा। बोर्ड ने सभी संबद्ध स्कूलों को इस कार्यक्रम में शामिल होना अनिवार्य बताया है। कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी 2026 से शुरू होकर 10 अप्रैल 2026 तक चलेंगी।

मूल्यांकन के तरीके में एक बड़ा बदलाव करते हुए, सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजूकेशन (सीबीएसई) ने कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए ऑन-स्क्रीन मार्किंग को फिर से शुरू करने का फैसला किया है। इसका मकसद असेसमेंट प्रोसेस में एफिशिएंसी, ट्रांसपेरेंसी और एक्यूरेसी को बढ़ाना है। यह एक डिजिटल सिस्टम है, जिसमें स्कैन की गई आंसर शीट को टीचर कंप्यूटर पर इवैल्यूएट करते हैं और मार्क्स सॉफ्टवेयर से ऑटोमैटिकली कैलकुलेट हो जाते हैं। ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम से जुड़ी जरूर गाइडलाइंस बताने के लिए सीबीएसई ने 13 फरवरी को अपने बोर्ड से जुड़े सभी स्कूलों के प्रिंसिपल के लिए लाइव वेबकास्ट रखा है।




- परीक्षा की नई गाइडलाइंस, ऑन-स्क्रीन मार्किंग की दी जाएगी जानकारी
- पहली बार ऑनलाइन माध्यम से मूल्यांकन कराने की है तैयारी

### नई गाइडलाइन समझना अनिवार्य

एक नोटिस जारी करते हुए बोर्ड ने कहा, 2026 में परीक्षा आयोजित कराने के तरीकों पर एक लाइव वेबकास्ट होगा। इसमें बोर्ड से जुड़े सभी स्कूलों के प्रिंसिपल को शामिल होने के लिए बुलाया गया है। इस सेशन का मकसद तय प्रोग्राम के मुताबिक एग्जाम कराने और ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम के लिए गाइडलाइंस समझाना है। बोर्ड ने एक बयान में कहा, एग्जाम बड़े लेवल पर होते हैं, जिनके लिए एग्जाम और इवैल्यूएशन सेंटर दोनों पर बहुत ध्यान से प्लानिंग और बिना किसी रुकावट के उन्हें पूरा करने की जरूरत होती है, इसलिए वे हर साल एग्जाम और इवैल्यूएशन प्रोसेस में शामिल सभी लोगों को बदली हुई पॉलिसी और नए तरीकों के बारे में बताने के लिए एक लाइव वेबकास्ट करता है।

### तैयार करेंगे स्टेकहोल्डर्स

वेबकास्ट 13 फरवरी को सुबह 11 बजे शुरू होगा, जो कि दो घंटे के लिए होगा। इसे सीबीएसई के ऑफिशियल यू-ट्यूब चैनल पर स्ट्रीम किया जाएगा। स्कूल इससे सीधे जुड़ सकते हैं। सीबीएसई का कहना है कि यह सेशन आने वाले बोर्ड एग्जाम 2026 को आसानी से कराने के लिए स्टेकहोल्डर्स को तैयार करेगा। गौरतलब है कि इस बार भारत और विदेश के 26 देशों में स्थित 31 हजार से ज्यादा स्कूलों के करीब 46 लाख छात्र परीक्षा देंगे। परीक्षाएं देश-विदेश के 8074 से अधिक परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएंगी।

**आधार बेस्ड अटेंडेंस भी समाप्त करने की मांग**

## संविदा प्रथा समाप्त करने उग्र आंदोलन करेगा फेडरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की प्रांतीय बैठक में प्रदेश में व्याप्त संविदा प्रथा को समाप्त करने के लिए सर्वसम्मति से उग्र आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही आधार बेस्ड अटेंडेंस प्रणाली में आ रही व्यवहारिक कठिनाइयों से शासन को अवगत कराते हुए इस व्यवस्था को समाप्त करने हेतु अंतिम पुनर्विचार के लिए ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया।

बैठक में फेडरेशन की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर 29 से 31 दिसंबर तक आयोजित कलम बंद हड़ताल की समीक्षा की गई। फेडरेशन के आंदोलन के परिणामस्वरूप 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता स्वीकृत होने पर प्रदेश के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को प्रांत अध्यक्षों द्वारा शुभकामनाएं दी गईं। शासन द्वारा महंगाई भत्ता देय तिथि से स्वीकृत नहीं किए जाने पर आक्रोश व्यक्त किया गया। इस दौरान पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा डीए एरियर्स का भुगतान देय तिथि से किए जाने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के आदेश की समीक्षा भी की गई। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के संदर्भ में प्रदेश के शासकीय सेवकों को भी देय तिथि से महंगाई भत्ता स्वीकृत किए जाने हेतु शासन से पत्राचार करने का निर्णय लिया गया। सरकार द्वारा यदि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुरूप निर्णय नहीं लिया जाता है, तो न्यायालय की शरण लेने का विकल्प खुला रखने का सुझाव भी सदस्यों द्वारा दिया गया। बैठक में कमल वर्मा,ओंकार सिंह, चंद्रशेखर तिवारी,संजय सिंह, अजीत दुबे,पंकज पांडेय, मनीष सिंह ठाकुर, आर एन ध्रुव,आलोक नागपुरे,जय कुमार साहू,मनोज साहू, आलोक मिश्रा,संतोष कुमार वर्मा, डॉ दिलीप झा,पूकराम कुर्रे, लिखेश वर्मा,ललित बिजौरा, पवन सिंह, एस आर नेताम, सुरेश ढीढी, पीताम्बर पटेल सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### एटीवीएम से ऑपरेटर गायब, यात्री परेशान

# जनरल टिकट खरीदने आरक्षण भवन जाने यात्रियों की दिलचस्पी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**पुराने अनारक्षित काउंटर बंद होने के बाद भी 50 प्रतिशत यात्रियों की भीड़ अब भी पहुंच रही पुरानी जगह**

हरिभूमि सरोकार

रेलवे स्टेशन में अनारक्षित टिकट काउंटर को आरक्षण भवन में शिफ्ट करने के बाद भी बड़ी संख्या में यात्री अब भी टिकट के लिए पुराने अनारक्षिट कांउटर में ही टिकट खरीदने पहुंच रहे हैं। यहां रेलवे ने चार एवीटीएम मशीन लगाई हुई है, जिससे टिकट निकाला जा सकता है, लेकिन इन मशीन को संचालित करने वाले गायब हैं। 60 प्रतिशत से अधिक यात्रियों को मशीन से टिकट बनाना नहीं आता। आलम यह है कि यात्री ही एक दूसरे की टिकट बनाने में मदद कर रहे हैं। हर समय पुराने अनारक्षित टिकट कांउटर में 30 से अधिक यात्रियों की भीड़ लगी रहती है।

हरिभूमि ने गुरुवार को एवीटीएम मशीन का जायजा लिया। दोपहर 3: 45 के समय मशीन के पास कोई भी ऑपरेटर नहीं था। यात्रियों को भी मशीन से किस तरह टिकट बनाया जाता है, इसका ज्ञान नहीं था। चार मशीन में एक खराब थी, बाकी तीन मशीनों में यात्री घेरे हुए थे। मशीन की तकनीकी जानकारी मालूम नहीं होने से यात्री परेशान थे। मशीन के पास पहुंच रहा हर यात्री टिकट बनाने का प्रयास करता रहा, लेकिन दर्जन यात्रियों में कोई भी टिकट बनाकर निकाल पाने में सफल नहीं रहा। बता दें कि मशीन में टिकट बनाने की प्रकिया आसान है, लेकिन ज्यादातर यात्रियों को मालूम नहीं होता है।



### यात्रियों ने बनाए एक दूसरे के टिकट

गुरुवार को 4 बजे गोंदिया बरौनी एक्सप्रेस आने वाली थी। कई यात्री इसमें सफर करने वाले थे। टिकट बनाने मशीन में 15 मिनट से प्रयास कर रहे थे, लेकिन कोई भी बना पा रहा था। कई बार तकनीकी कारणों से पैसे भुगतान करने दिक्कत आई। दूसरे मशीन में एक यात्री ही अन्य यात्रियों का टिकट मशीन से बनाने में मदद करता नजर आया। यात्री आरक्षण भवन नहीं जाकर मशीनों में अपना समय दे रहे थे।

### टिकट बनाने स्टेशन में एक टीटीई तैनात

*पुराने अनारक्षित टिकट काउंटर के पास यात्रियों को टिकट बनाकर देने के लिए स्टेशन में गुरूवार को एक टीटीई दिखाई दिया, जिसके पास टिकट बनाने वाले हर 15 सेकंट में यात्री पहुंच रहे हैं। यात्रियों की संख्या तब और बढ़ जा रही थी, जब लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेन आने वाली होती है। बता दें कि यात्रियों को टीटीई आरक्षण भवन जाने की बात कहते हैं, लेकिन पुराने अनारक्षित टिकट काउंटर में आने के बाद भीड़ होने के बावजूद यात्री जनरल टिकट खरीदने आरक्षण भवन जाने से कतराते हैं। इसलिए कोई मशीन में टिकट बनाने का प्रयास करते हैं तो कुछ टीटीई के पास जाते हैं। लेकिन दोनों ही जगह यात्रियों का दबाव रहता है। इसलिए टिकट मिलने में समय लगता है।*

## स्कूल के पास पान मसाले की बिक्री, ठेला किया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मंदिर हसौद में एक शासकीय स्कूल के पास संचालित पान ठेला को सील करने की कार्रवाई जिला प्रशासन ने की है। कलेक्टर गौरव सिंह गुरुवार को इस क्षेत्र में निरीक्षण पर थे। इसी दौरान शासकीय प्राथमिक शाला के सामने एक पान ठेला को खुला देखकर वहां पहुंचे और निरीक्षण करते हुए ठेला से तंबाकू पाउच बरामद किया। कलेक्टर ने इस मामले में तत्काल पान ठेला को सील करने के निर्देश दिए, जिसके बाद प्रशासनिक टीम ने ठेला को तत्काल बंद कराकर सील करने की कार्रवाई की।



### स्कूलों के 100 मीटर के दायरे में पान ठेला हटाने के निर्देश

जिला प्रशासन ने पान ठेला-दुकान तथा प्रतिबंधित तंबाकू को लेकर स्पष्ट निर्देश हैं कि स्कूलों के 100 मीटर के दायरे में कहीं भी पान ठेला-दुकान संचालित नहीं हो तथा तंबाकू सहित अन्य नशे की प्रतिबंधित सामग्रियों की बिक्री नहीं हो पाए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान मंदिर हसौद मार्ग पर सड़क पर मकान निर्माण सामग्री रखा देखकर अपनी कार को रूकवाई और अधिकारियों को निर्माणाधीन भवन मालिक के विरुद्ध जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर यातायात एवं नागरिक सुविधा में बाधा बनने वाली गतिविधियों पर सख्ती बरतने को कहा। कलेक्टर ने अमृत मिशन योजना के तहत निर्मित पानी टंकी का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, साथ ही अधिकारियों को कार्य में मानकों का कड़ाई से पालन करने तथा नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, एसडीएम अभिलाषा पैकरा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## पॉवर कंपनी मुख्यालय में कर्मियों का विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



पुरानी पेंशन और पॉवर सेक्टर के निजीकरण के विरोध में गुरुवार को डगनिया स्थित पॉवर कंपनी मुख्यालय के गेट पर बड़ी संख्या में बिजली कर्मचारियों व अधिकारियों ने कार्यालय से बाहर आकर विरोध-प्रदर्शन किया। इसी कड़ी में रायपुर सहित चेन्नई, बेंगलुरू, विजयवाड़ा, त्रिवेंद्रम, हैदराबाद, पांडिचेरी, नासिक, नागपुर, मुंबई, जबलपुर, राजकोट, बड़ोदरा, रांची, कोलकाता, भुवनेश्वर, गुवाहाटी, शिलांग, अगरतला, पटियाला, जम्मू, श्रीनगर, देहरादून, कोटा, हिसार, शिमला, लेह, लखनऊ सहित उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों में बड़ी संख्या में बिजली कर्मचारियों ने विरोध-प्रदर्शन किया। अभियंता संघ के महासचिव मनोज वर्मा ने बताया कि ऑल इंडिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज में कार्यरत अभियंता तथा कर्मचारी संगठनों ने देश के लगभग 27 लाख बिजली कर्मचारियों और अभियंताओं के साथ एक दिवसीय राष्ट्रीय हड़ताल में अपनी भागीदारी तथा सक्रिय समर्थन दर्ज कराया। यह हड़ताल पॉवर सेक्टर के निजीकरण के विरोध में इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 एवं प्रस्तावित नेशनल इलेक्ट्रिसिटी पॉलिसी-2026 को वापस लेने तथा पॉवर सेक्टर के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाल करने को लेकर की गई। आंदोलनरत वक्ताओं ने कहा कि यदि संसद के बजट सत्र में इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल पारित करने का प्रयास किया गया तो इसकी तीखी प्रतिकिया होगी। इस विरोध प्रदर्शन में पीएन सिंह, आशीष अग्निहोत्री, सुशील यदु, शशांक श्रीवास्तव, संदीप सोनी, धनंजय वर्मा, स्वाति तिवारी आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

## राजधानी में 20 फरवरी से सेंट्रल इंडिया के सबसे बड़े ट्रेड महोत्सव का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर में कैट के तत्वाधान में 20 से 24 फरवरी तक सेंट्रल इंडिया का सबसे बड़ा ट्रेड महोत्सव शंकर नगर के बीटीआई ग्राउंड में आयोजित होने जा रहा है। इसकी तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई है। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि बहुप्रतीक्षित ट्रेड एक्सपो को सफल बनाने व्यापारिक संगठनों के माध्यम से व्यापक स्तर पर तैयारियाँ की जा रही हैं। इसी कड़ी में कैट के प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को विभिन्न व्यापारिक संगठनों के साथ एक अहम बैठक रखी गई।

बैठक में एक्सपो की व्यवस्थाओं, प्रचार-प्रसार, व्यापारिक सहभागिता एवं आपसी समन्वय को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने कहा कि नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 की तैयारियाँ अब जमीनी स्तर पर तेज कर दी गई हैं।कैट की विभिन्न इकाइयों, युवा कैट, महिला कैट, ट्रांसपोर्ट कैट एवं उद्योग कैट के माध्यम से लगातार बैठकों, संपर्क अभियानों एवं समन्वय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक व्यापारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि इस एक्सपो में चार भव्य डोम, आकर्षक ओपन स्टॉल्स, विशेष ऑटोमोबाइल ज़ोन तथा महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पिंक पवेलियन को विशेष रूप से विकसित किया गया है। इसके साथ ही दर्शकों के आकर्षण के लिए विशेष फूड ज़ोन तथा प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।



- चार दिवसीय आयोजन, व्यापक स्तर पर तैयारियां
- कैट के प्रदेश कार्यालय में व्यापारिक संगठनों की हुई बैठक

एक्सपो में प्रदेशभर से लगभग 250 से अधिक प्रतिष्ठित ब्रांड्स की सहभागिता प्रस्तावित है, जो विभिन्न व्यापारिक क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करेंगे। कैट पदाधिकारियों ने कहा कि नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 न केवल रायपुर बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय व्यापारिक मानचित्र पर सशक्त पहचान दिलाने का कार्य करेगा।

## ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए मैरिज पैलेस, होटल संचालकों की बैठक

- ट्रैफिक पुलिस ने वीआईपी रोड स्थित होटल, मैरिज पैलेस संचालकों की ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आगामी वैवाहिक सीजन के दौरान वीआईपी रोड में ट्रैफिक जाम न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस ने वीआईपी रोड में संचालित होटल तथा मैरिज पैलेस संचालकों की बैठक ली। बैठक में संचालकों को वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित करने कई दिशा निर्देश दिए।

बैठक में एडीसीपी ट्रैफिक विवेक शुक्ला ने होटल एवं मैरिज पैलेस संचालकों को वैवाहिक समारोह के दौरान किसी भी परिस्थिति में कैंपस के बाहर रोड में बारात नही निकालने, पार्किंग क्षमता के अनुरूप विवाह आयोजन की बुकिंग करने एवं कैंपस के बाहर रोड पर वाहन पार्क नही कराने की समझाइस दी। उल्लेखनीय है कि शादी सीजन के दौरान फरवरी से अप्रेल-मई तक वीआईपी रोड में आयोजित होने वाले वैवाहिक समारोह के दौरान रोड में बारात निकालने एवं होटल के बाहर मुख्य मार्ग में वाहनों की बेतरतीब पार्किंग किये जाने से उक्त मार्ग में यातायात बाधित होकर जाम की स्थिति निर्मित होति है।

लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या से जुझना पड़ता है। बैठक में 30 होटल, मैरिज पैलेस के संचालक उपस्थित हुए।

### इन निर्देशों का करना होगा पालन

- *मैरिज पैलेस में पार्किंग क्षमता के अनुरूप वैवाहिक कार्यक्रम आयोजन की बुकिंग लेंगे।*
- *किसी भी परिस्थिति में मैरिज पैलेस के बाहर बारात आयोजन की अनुमति नही होगी।*
- *मैरिज पैलेस के बाहर मुख्य मार्ग पर वाहन खड़ा ना हो इसके लिए 02 गार्ड लगाना अनिवार्य होगा।*
- *बारात होटल, मैरिज पैलेस परिसर में ही निकले।*




## पेज 11 के शेष ...

### जंप करते ही उखड़ रहा प्लास्टर...

4 लाख 75 हजार की लागत वाले इस आवास के लिए केन्द्र सरकार डेढ़ लाख रुपए और राज्य सरकार 2.50 लाख रुपए की सब्सिडी दे रही है, बाकी के 75 हजार की रकम हितग्राही को देनी होगी। नगर निगम पीएम आवास प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारी के मुताबिक वाल्मिकी नगर कोटा में 87 अविनाश आशियाना कोटा में ही 174 और डीकेएस परिसर में 29 ईडब्लूएस आवास का निर्माण कराया जा रहा है, साथ ही हीरापुर के पुराना बीएसयूपी कालोनी के पास 348 ईडब्लूएस आवास निर्माण के लिए बीएसबीके कंस्ट्कशन को अनुबंधित किया गया है। शेष लोगों के लिए वाल्मिकी नगर की उसी जमीन में पक्के ईडब्लूएस आवास बनाने की योजना है। जिसमें पीएम आवास 2.0 के तहत उसी स्थल पर ईडब्लूएस आवास निर्माण में हितग्राही को 1 लाख 48 हजार की राशि व्यवस्थापन के तहत आवास के लिए देनी होगी। दरअसल, दो दशक पूर्व तालाब पारा मौदहापारा, बूढ़ातालाब के पास स्थित मिनी माता नगर, पंडरी के जिला अस्पताल और मरही माता मंदिर से दंत चिकित्सा कालेज के पास बसी बस्तियां पास सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित सड़क चौड़ीकरण के दायरे में प्रभावित हुई। कच्ची-पक्की झोपड़ियां बनाकर रहने वाले 1300 परिवारों को आशियाना टूटने के बाद छोटे-छोटे बच्चों, माता-पिता और परिजनों के साथ शहर से 7 किलोमीटर दूर वाल्मिकी नगर आना पड़ा, जहां व्यवस्थापन के तहत उन्हें पक्के आवास आवंटित हुए। 20 साल बाद अब दोबारा व्यवस्थापन की नौबत आई है। लोगों का कहना है कि नगर निगम उन्हें इसी जगह पर पक्का आवास बनाकर व्यवस्थापन दे।

### प्लास्टर जर्जर, परिवार बढ़ गया छोटे से...

परिवार शहर के अलग-अलग इलाकों से यहां व्यवस्थापन के तहत बसाए गए। जर्जर आवासीय परिसर की मरम्मत भी नहीं हुई। चिंता ये है कि सुरक्षित ठिकाना कहां और कब देंगे? कोटा में 87 ईडब्लूएस आवास नगर निगम बनवा रहा है पर उसका काम बहुत रूक-रूक कर चल रहा है। निगम प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

### वाल्मिकी नगर में पक्का आवास बनाकर...

से दूर यहां व्यवस्थापन दिया तो काफी परेशानी हुई। रोजी-रोटी भी इससे प्रभावित होती है। कई परिवार यहां घुल-मिल गए हैं उनका भी ध्यान रखा जाए।

### मौदहापारा के बाद पूर्व मेयर...

पर कड़ाई बरतते हुए सड़क को सुगम आवागमन के लिए कब्जा मुक्त कराया गया। इस कार्य में सेंट्रल की टीम और यातायात विभाग और पुलिस प्रशासन का सहयोग रहा। गुरूवार की शाम बैजनाथ पारा महबूबिया चौक के चारों ओर की सड़कों पर निगम के बुलडोजर गरजे। निगम की टीम अचानकर सड़क पर उतरी इसके चलते कई लोग ठेले, गुमटी नहीं हटा पाए।

### एक दिन पहले मौदहापारा से एमजी ...

ने जयस्तंभ चौक से मौदहापारा स्थित केके मार्ग, पिथालिया व्यववसायिक परिसर, एमजी रोड में अभियान चलाकर सुगम आवागमन के लिए सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने तत्परता दिखाई थी। यह कार्रवाई रायपुर पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला, जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार के आदेश और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश जोन 2 कमिश्नरी और टीम प्रहरी द्वारा की गई।

### वर्ल्ड कप में सट्टे का खेल, चार और...

रकम ट्रांजेक्शन कर रहे थे। ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालन करने के आरोप में पुलिस ने दीपक सचदेवा, गौरव सचदेवा, ऋषभ रंगलानी, ओम खेमानी को गिरफ्तार किया है। ओम तथा दीपक पूर्व में भी सट्टा संचालित करने के आरोप में जेल जा चुके हैं। क्राइम डीसीपी स्मृतिक राजनाला के अनुसार गिरफ्तार आरोपी कबीर नगर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। सटोरिये ऑनलाइन सट्टा बैटिंग वेब साइट से रामको 777, वूड 777 एवं पॉवर एक्स डॉट काम से मास्टर आईडी लेकर सट्टा संचालित कर रहे थे। सटोरिये मास्टर आईडी से अलग-अलग आईडी बनाकर अन्य सटोरियों को बेच कर सट्टा संचालित कर रहे थे।

**तीन प्रकरण में 14 सटोरियों से एक करोड़ जब्त** : नए साल की शुरुआत से ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित हो रही है। पूर्व में भारत तथा न्यूजीलैंड के बीच एक दिवसीय के साथ टी-20 मैच का आयोजन हुआ। उक्त मैच के बाद टी-20 वर्ल्ड कप क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू हो गयी है। वर्ल्ड कप क्रिकेट प्रतियोगिता के बाद आईपीएल मैच शुरू हो जाएगा। इस बात को ध्यान में रखते हुए सटोरिये सक्रिय होकर ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित कर रहे हैं। पुलिस ने डेढ़ महीने के भीतर तीन अलग-अलगल कार्रवाई में 14 सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सट्टे की एक करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि जब्त की है।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 13 फरवरी 2026

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



लहंगे के साथ इस तरह के मिनी पर्स ...

## लाइव इवेंट

## यूपीएससी आईएसएस और आईईएस के पदों पर आवेदन शुरू, 3 मार्च तक मौका

**रायपुर।** संघ लोक सेवा आयोग ने भारतीय सांख्यिकी सेवा और भारतीय आर्थिक सेवा परीक्षा के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। जो उम्मीदवार इन पदों पर नौकरी करना चाहते हैं। वे उम्मीदवार यूपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 11 फरवरी, 2026 से शुरू हो गई है। साथ ही इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार 3 मार्च तक वेबसाइट पर जाकर आवेदन प्रक्रिया को पूरा कर सकते हैं। यूपीएससी की ओर से कुल 44 पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया है। इसमें भारतीय आर्थिक सेवा के कुल 16 पद और भारतीय सांख्यिकी सेवा के कुल 28 पद आरक्षित है।




### यह आवेदन के पात्रता मानदंड

आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 21 वर्ष और अधिकतम आयु 30 वर्ष निर्धारित की गई है। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी दी जाएगी। भारतीय आर्थिक सेवा के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों के पास भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से अर्थशास्त्र, अनुप्रयुक्त अर्थशास्त्र या व्यावसायिक अर्थशास्त्र विषय से स्नातकोत्तर की डिग्री होनी चाहिए।भारतीय सांख्यिकी सेवा के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों के पास सांख्यिकी, गणितीय सांख्यिकी या अनुप्रयुक्त सांख्यिकी में स्नातक या स्नातकोत्तर की डिग्री होनी चाहिए।

### इस तरह होगा चयन

उम्मीदवारों का चयन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। लिखित परीक्षा कुल 1000 अंकों के लिए और साक्षात्कार कुल 200 अंकों के लिए आयोजित कराया जाएगा। आवेदन करने के लिए सबसे पहले ऑफिशियल वेबसाइट upsc.gov.in पर जाकर विजिट करें। अब वेबसाइट के होमपेज पर 'UPSC IES/ ISS Exam 2026 registration' लिंक पर क्लिक करें। लिंक पर क्लिक करने के बाद एप्लीकेशन प्रक्रिया को पूरा कर लें। इसके बाद रजिस्ट्रेशन फीस का भुगतान करें और फीस भी जमा करें। फॉर्म भर लेने के बाद अंत में इसका एक प्रिंटआउट भी अवश्य निकाल लें।

## युवाओं में समर फैशन में कंफर्ट स्टाइल का जबरदस्त क्रेज, पेस्टल कलर्स, हल्के फैब्रिक मुलमुल, लिनन खास

# एनुअल फंक्शन और पार्टियों में लो-वेस्ट जींस, शिमरी टॉप्स और बटरफ्लाई पैटर्न से बिखेर रहे जलवा

*युवाओं में समर फैशन में कंफर्ट स्टाइल का जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। इसमें लो-वेस्ट जींस, शिमरी टॉप्स और बटरफ्लाई पैटर्न युवाओं को खूब भा रहे हैं। वहीं पेस्टल कलर्स, हल्के फैब्रिक मुलमुल, लिनन और आरामदायक स्टाइल से कॉलेज, स्कूलों के एनुअल फंक्शन, समर वेडिंग्स और फेस्टिवल्स को फैशनेबल बना रहे हैं।*

**रायपुर।** शहर के जाने-माने फैशन डिजाइनर मुस्कान प्रधान का कहना है कि मुलमुल सूट, पेस्टल लहंगा और हल्के एथनिक वियर कंफर्ट के साथ स्टाइलिश लुक देते हैं, जिससे गर्मी में स्टाइल स्टेटमेंट बना रहता है। समर फैशन के प्रमुख ट्रेंड्स में पार्टी वियर में भारी कपड़ों के बजाय मुलमुल के सूट, पेस्टल रंग के लहंगे और हल्के लिनन वियर सबसे ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। ये आरामदायक होने के साथ-साथ स्टाइलिश भी होते हैं, जो गर्मियों के मौसम में इरीटेशन से बचाते हैं। कॉलेज एनुअल फंक्शन और फेस्टिवल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए पारंपरिक ड्रेसेस के साथ मॉडर्न ट्विस्ट वाले कपड़े जैसे फ्लोरल प्रिंट्स, कुर्ती के साथ प्लाजो या हल्के एथनिक को-ओर्ड सेट्स लोकप्रिय हैं। वहीं कलर्स और फैब्रिक की बात करें तो स्काई ब्लू, लाइट पिंक, मिंट ग्रीन रंग और फ्रेब्रिक्स में कॉटन और लिनन का बोलबाला है, जो आंखों को सुकून और शरीर को ठंडक प्रदान करते हैं।








### कंफर्ट फैशन का परफेक्ट कॉबिनेशन

युवाओं में समर फैशन का जबरदस्त क्रेज देखा जा रहा है, जिसमें आरामदायक और स्टाइलिश एथलीजर, बोल्ड पैटर्न और सस्टेनेबल फैब्रिक प्रमुख हैं। सोशल मीडिया के प्रभाव के कारण युवाओं में लो-वेस्ट जींस, मिनी स्कर्ट और आरामदायक स्ट्रीट स्टाइल को प्राथमिकता दे रहे हैं, जहां आराम और फैशन का कॉबिनेशन मिल रहा है। इसमें लेगिंग्स, जॉगर्स और हूडिज का उपयोग बढ़ रहा है, जो कॉलेज से सोशल गैदरिंग तक आकर्षक लुक के लिए कैरी किया जा रहा हैं। लो-वेस्ट जींस, शिमरी टॉप्स, और बटरफ्लाई पैटर्न युवाओं को खूब भा रहे हैं।

### फंक्शन में लगा रहें चार-चांद

युवा हर फंक्शन में अपने कंफर्ट स्टाइल में फैशन में अब स्टाइल से रौनक बढ़ा रहे हैं। यह यूनिक आउटफिट और ज्यादा आरामदायक कपड़ों को प्राथमिकता दी जा रही है, जो किसी भी आयोजन को यादगार बनाने कूल लुक देता है। युवा गर्मी के मौसम में फैशन और कंफर्ट का कॉम्बो आउटफिट को अपना रहे हैं।

### सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर छा जाने कलेक्शन

सोशल मीडिया का असर इंस्टाग्राम और टिकटॉक, रील जैसे प्लेटफॉर्म से प्रभावित होकर, युवा मशहूर हस्तियों और फैशन प्रभावितों के स्टाइल को फॉलो कर रहे हैं। स्टाइल के साथ सहजता युवा साधारण कपड़ों के बजाय बोल्ड पैटर्न और आरामदायक स्टाइल को पसंद कर रहे हैं। यह रुझान न केवल स्टाइलिश दिखने के लिए, बल्कि अपनी अनूठी पहचान बनाने और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए भी है।

## सिटी इवेंट

## पैरालिसिस के मरीजों को नई जिंदगी देगा एआई इनोवेशन से बना लाइफ सूट

**रायपुर।** शहर के 14 वर्षीय सात्विक चंद्राकर के एआई इनोवेशन आइडिया प्रोजेक्ट का अंतर्राष्ट्रीय एआई समिट-2026 के लिए सलेक्ट हुआ है। केपीएस स्कूल डूंडा के 9वीं कक्षा के छात्र सात्विक ने एआई इनोवेशन लाइफ सूट तैयार किया है, जो पैरालिसिस से पीड़ित लोगों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में नया वैज्ञानिक अविष्कार है। सात्विक ने बताया कि वह स्कूल के लैब में अपने टीचर्स के मार्गदर्शन में एआई तकनीक पर आधारित इनोवेशन लाइफ सूट बनाया है, जो गंभीर रूप से पैरालिसिस डिजीज से प्रभावित पेशेंट के अंगों को चलाने में मददगार है। इसमें कोडिंग और रिमोर्ट कंट्रोल, मोबाइल निर्देशन की तकनीक जोड़ी गई है, जो पेशेंट के हार्ट रेट, मोमेंट टाइमिंग, महीनेभर एक्सरसाइज का क्या प्रोग्रेस है, जैसी रुटीन शारीरिक रिपोर्ट भी तैयार करती है। इसे मोबाइल द्वारा निर्देशन दिया जा सकता है। उसने खुद का एप भी बनाया है, जो इस मशीन को संचालित करता है और डॉक्टर तक संदेश भी भेजता है। सात्विक की मां डॉ. सीमा चंद्राकर ने बताया कि इस एआई आधारित प्रोजेक्ट को नई दिल्ली भारतमंडपम में 16 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय एआई समिट-2026 में सात्विक प्रस्तुत करेंगे।




### ऑल ओवर इंडिया से टॉप 50 प्रोजेक्ट में सलेक्शन

सात्विक ने आगे बताया कि एआई समिट-2026 के लिए हुए ऑल ओवर इंडिया से 3500 से अधिक एआई इनोवेशन पर आधारित प्रोजेक्ट सब्मिट हुए, जिसमें सलेक्टेड टॉप 50 प्रोजेक्ट में लाइफ सूट एआई एनोविटिव आइडिया प्रोजेक्ट को सलेक्ट किया गया है। सात्विक चंद्राकर जैसे युवा वैज्ञानिक यह साबित करते हैं कि नवाचार की कोई उम्र नहीं होती है, और एक छोटा विचार भी समाज में बड़ा बदलाव ला सकता है।

### मरीजों को रिहैबिलिटेशन सेंटर नहीं जाना पड़ेगा

यह प्रोजेक्ट उन लोगों के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिनके लिए रिहैबिलिटेशन सेंटर जाकर नियमित व्यायाम करना मुश्किल होता है। लाइफ सूट एक बहुत ही किफायती मशीन है, जिसे बनाने का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर कोई इसे वहन कर सके। खासकर जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है और वो कोई मशीन नही खरीद सकते। यह सूट पैरालाइज्ड व्यक्तियों को उनकी जरूरत के हिसाब से घर पर ही व्यायाम करने में मदद करेगा, जिससे उनका इलाज और भी सुलभ हो जाएगा। आमतौर पर पैरालिसिस से पीड़ित मरीजों के उपयोग की यह मशीन 40 लाख से अधिक कीमत में बाजार में उपलब्ध तो है, पर हर किसी में आर्थिक क्षमता इतनी नहीं है। यह लाइफ सूट हर किसी के लिए सुलभ हो पाएगा।

# गैजेट्स के दौर में रेडियो का क्रेज खत्म सालभर में बिक रहे दर्जनभर सेट

आज विश्व रेडियो दिवस

*रायपुर। संचार का सबसे पुराना और सशक्त माध्यम 'रेडियो' अब लोगों की प्राथमिकता से बाहर हो चुका है। मोबाइल और टीवी के इस हाईटेक युग में रेडियो खरीदने वालों की संख्या में भारी गिरावट आई है। आलम यह है कि मांग न होने के कारण अब नए तरह के रेडियो का बाजार में आना भी लगभग बंद हो गया है।*






कारोबारियों के मुताबिक, पिछले 5 सालों में रेडियो की बिक्री में सबसे ज्यादा कमी देखी गई है। इसका मुख्य कारण मोबाइल, टीवी, एम्पलीफायर और अन्य साउंड सिस्टम में इनबिल्ट एफएम रेडियो की सुविधा का होना है। इस वजह से लोगों ने अलग से रेडियो सेट खरीदना बंद कर दिया है। एमजी रोड स्थित दुकान संचालक मेहुल वाधवानी बताते हैं कि अब सालभर में गिनती के ही रेडियो बिक पाते हैं। एक समय था, जब बाजार में पॉकेट रेडियो, रिमोट कंट्रोल वाले और विंटेज लुक समेत आधा दर्जन से ज्यादा वैरायटी उपलब्ध थीं, लेकिन धीरे-धीरे इनकी मांग खत्म हो गई। अब स्थिति यह है कि सालभर में बमुश्किल एक दर्जन रेडियो ही बिक रहे हैं।

### यादों को सहेजने का जरिया बना रेडियो

भले ही नई तकनीक ने रेडियो की जगह ले लिया हो, लेकिन पुराने रेडियो को लेकर लोगों की दीवानगी कम नहीं हुई है। शहर में कई पुराने परिवारों ने अपने दादा-परदादा के समय के रेडियो को एंटीक पीस की तरह सहेजकर रखा है। दुकानदार बताते हैं कि आज भी कई शौकीन ग्राहक दुकान पर आते हैं और उसी पुराने लुक लकड़ी की बॉडी और बड़े नॉब वाले रेडियो की मांग करते हैं। वे इसे ड्राइंग रूम में सजावट के तौर पर रखना चाहते हैं, लेकिन अब कंपनियों ने उस तरह के मॉडल बनाना बंद कर दिया है और बाहर से भी इनकी आवक पूरी तरह ठप है, जिससे ग्राहकों को मायूस लौटना पड़ता है।

# बिजली बचाने के छोटे प्रयास से भी मिलेंगे अच्छे परिणाम

**रायपुर।** रामनगर कोटा स्थित श्री बालाजी दिशा कॉलेज में गुरुवार को ऊर्जा संरक्षण सप्ताह का आयोजन किया गया। इसमें सबसे पहले प्राचार्य डॉ. अनिल तिवारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने छात्रों को बताया कि हमें बिजली बचाने के लिए प्रयास करना चाहिए, क्योंकि छोटे प्रयास मिलकर अच्छे परिणाम देते हैं। इस सप्ताह विविध आयोजन जैसे पोस्टर बनाओ, क्विज, भाषण और कार्यशाला का आयोजन क्रेडा द्वारा किया गया। इसमें विशेष रूप से शिक्षकों ने अपने विचार विद्यार्थियों से साझा किए। उन्होंने बताया कि दिनचर्या में बदलाव करके बिजली की बचत कर सकते हैं। उन्होंने प्रश्नों के माध्यम से विचारों को जागृत करने का प्रयास किया।



**सब्सिडी के बारे में लोगों को दी जानकारी:** मुख्य अतिथि ने बताया कि बिजली हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बिजली बचाने के लिए प्रयास जरूरी है। उन्होंने 5 स्टार लेवल उपकरणों की जानकारी देते हुए 5 स्टार रेटिंग के बारे में बताया। साथ ही सोलर सिस्टम के बारे में, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एवं सब्सिडी के बारे में लोगों को जानकारी दी। अंत में बीए की छात्रा प्रार्थना दुबे एवं बीएड के छात्र भूपेंद्र देवांगन ने ऊर्जा संरक्षण से संबंधित जानकारी देते हुए पुरस्कार प्राप्त किया। मंच संचालन अनन्या शर्मा एवं काजल पांडे ने किया।

## प्री-बोर्ड, यूनिट टेस्ट, ब्लूप्रिंट और मॉडल पेपर के आधार पर कराई गई तैयारी से कोर्स कंप्लीट

कार्नर न्यूज

# बोर्ड परीक्षा को लेकर मानसिक तौर पर स्टूडेंट्स की हो चुकी तैयारी, अब आत्मविश्वास से लिखेंगे पर्चे

छत्तीसगढ़ माध्यामिक शिक्षा बोर्ड से जारी ब्लूप्रिंट और मॉडल पेपर के आधार पर स्टूडेंट्स को विषयों की तैयारी कराई गई है। कक्षा के साथ-साथ घरों में भी विद्यार्थियों को विषयवार टॉपिक रिवीजन और मॉडल पेपर के प्रश्नों का लिखित अभ्यास को लेकर मार्गदर्शन दिया गया है। स्टूडेंट्स को परीक्षा हॉल में एग्जाम देने मानसिक तौर पर भी तैयार किया गया है, ताकि परीक्षा के समय और परीक्षा के बाद वे हर परिस्थिति को स्वीकार कर सकें। वे निर्धारित 3 घंटे में प्रश्नों को हल करने का प्रयास करें।

### पढ़ाई का एक पार्ट है एग्जाम सफलता का पैमाना नहीं

शहर की जानी-मानी शैक्षणिक परामर्श मनोवैज्ञानिक डॉ. वर्षा वरवंडकर व कॅरियर काउंसलर डॉ. अजीत वरवंडकर बताते हैं कि परीक्षा स्टूडेंट्स की पढ़ाई का एक पार्ट है। इसको लेकर मन को संकुचित या आंदोलित करना उचित नहीं। सामान्य रूप से पढ़ाई करते जाएं और परीक्षा में भाग लेकर जिम्मेदारी का निर्वहन करें। इसे जीवन की एकमात्र सफलता या असफलता का पैमाना मानकर न देखें।



**रायपुर।** आत्मविश्वास से परीक्षा के दिन एग्जाम हॉल पहुंचें। किसी भी तरह का मानसिक तनाव या डर जैसी स्थिति में उलझने की आवश्यकता नहीं है। 10वीं व 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए ये टिप्स गवर्नमेंट दानी गर्ल्स स्कूल के प्राचार्य हितेश दीवान ने हरिभूमि से साझा करते हुए दिए। प्राचार्य ने बताया कि 20 फरवरी से बोर्ड परीक्षा की शुरुआत हो रही है। ऐसे में विद्यार्थियों को अब केवल सरसरी तौर पर टॉपिक्स को रिवाइज करने की जरूरत है। छत्तीसगढ़ माध्यामिक शिक्षा बोर्ड ने बोर्ड परीक्षा को लेकर सब्जेक्ट के सिलेबस ब्लूप्रिंट और मॉडल पेपर से स्टूडेंट्स के कांसेप्ट को पहले ही क्लीयर कर दिया है। वहीं वर्तमान में विद्यार्थियों के लिए टोलफ्री कॉल के माध्यम से काउंसिलिंग भी की जा रही है। इस पैटर्न से 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा स्टूडेंट्स के लिए बहुत आसान हो जाएगी।



### परीक्षा का तनाव न लें स्टूडेंट्स

पंडरी जिला अस्पताल के मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. अविनाश शुक्ला स्टूडेंट्स के पैरेंट्स व टीचर्स को सुझाव देते हुए बता रहे हैं कि किसी भी परीक्षा के समय स्टूडेंट्स को पैरेंट्स व टीचर्स सकारात्मक रूप से सपोर्ट करें। स्टूडेंट्स के लिए एग्जाम कॅरियर टर्निंग प्वाइंट होता है। ऐसे में परीक्षा के समय स्टूडेंट्स का मन स्वभाविक तौर पर अति संवेदनशील मनोदशा से गुजरता रहता है। वहीं स्टूडेंट्स को सलाह है कि वे परीक्षा को लेकर किसी भी तरह का तनाव न लें।

## सिटी लाइव

# उच्च शिक्षा मंत्री वर्मा ने किया पुस्तक विमोचन



**रायपुर।** संत गोविंद राम शदाणी शासकीय कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय देवेंद्र नगर के शोध प्रकोष्ठ एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में संपादित पुस्तक 'एक्सप्लोरिंग डाइमेंशंस ऑफ इंडियन नॉलेज सिस्टम इन सोसाइटी एंड एजुकेशन' का विमोचन उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने गुरुवार को किया। पुस्तक का प्रकाशन महाविद्यालय की शोध प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. कविता शर्मा एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ सुषमा तिवारी द्वारा किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के अतिरिक्त भारत के अन्य राज्यों के भी शोध पत्र एवं आलेख समाहित हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. रीता लुका, डॉ. प्रभा वर्मा, डा. सीरिल डेनियल, डॉ अंजना पुरोहित एवं डॉ. भूमि राज पटेल समेत अन्य उपस्थित रहे।

**अन्य राज्यों के भी शोध पत्र एवं आलेख समाहित**

## इवेंट लाइव

# इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के प्रति विद्यार्थियों को किया गया जागरूक



**रायपुर।** हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में साइबर अपराध को रोकने और छात्रों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित की गई। इसमें साइबर पुलिस ने विद्यालय का दौरा कर बच्चों को साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। विद्यालय के निदेशक इंफ्रास्ट्रक्चर बृजमोहन उपाध्याय ने विद्याथियों को समझाया कि तेजी से बढ़ते ऑनलाइन उपयोग के कारण साइबर अपराधों में वृद्धि हो रही है, इसलिए छात्रों का सतर्क और जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। इंस्पेक्टर साइबर एक्सपर्ट कार्यक्रम डॉ. संकल्प राय ने बच्चों को विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों जैसे ऑनलाइन धोखाधड़ी, पहचान की चोरी, साइबर बुलिंग, फर्जी अकाउंट, सोशल मीडिया का दुरुपयोग तथा अनैतिक ऑनलाइन गतिविधियों के बारे में बताया। उन्होंने ऐसे अपराधों के कानूनी परिणामों के बारे में भी जागरूक किया। अधिकारी ने विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों जैसे ऑनलाइन ठगी, पहचान की चोरी, साइबर बुलिंग, फर्जी प्रोफ़ाइल, पासवर्ड हैकिंग, सोशल मीडिया के दुरुपयोग के बारे में सरल और स्पष्ट उदाहरणों के साथ जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों को साइबर सुरक्षा से जुड़े कुछ आवश्यक नियमों का पालन करने की सलाह दी। बच्चों को बताया गया कि व्यक्तिगत जानकारी, पासवर्ड या ओटीपी किसी से भी साझा न करना।

## समाज इवेंट

# राजिम कुंभ में साधु-संतों के लिए सजाया पंडाल, की सेवा



रायपुर। पारंपरिक तरीके से श्री संकट मोचन वीर हनुमान मंदिर समिति बूढ़ापारा द्वारा स्वर्गीय महंत हरिदास त्यागी की पावन स्मृति में वर्तमान महंत राजेश शर्मा की अगवाई में साधु-संतों को सेवा के लिए प्रतिवर्ष की तरह राजिम कुंभ कल्प में महंतों, साधु-संतों की सेवा के लिए भव्य पंडाल सजाया। जहां महाभण्डारे का आयोजन भी किया।

दान-दक्षिणा के साथ स्व. महंत हरिदास त्यागी का जयघोष करते हुए महाभंडारे का शुभारंभ किया। इसमें विभिन्न स्थानों से आए महंतो का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इस अवसर पर महंत राजीव लोचन दास, सुरेंद्र दास, नरेंद्र दास, रामरूप दास, धनेश दास, राधामोहन दास, राधेश्याम दास, रामदास, छविराम दास जैसे संतों का सानिध्य लोगों को मिला। समिति के नवीन शर्मा, सुधीर दुबे, कुलदीप शर्मा, रामछवि दास, अनिल अग्रवाल, भरत पाण्डेय, प्रशांत पाण्डेय, लाली वर्मा और देवेंद्र भाऊ सहित सभी सेवकों ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देते हुए साधु-संतों से आशीर्वाद प्राप्त किया।

## देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में 60 बटुकों का मंत्रोच्चार के साथ उपनयन संस्कार

# विंटेज कार में धूमधाम से निकली पांच दूल्हों की बारात, मंत्रोच्चार के साथ लग्न मंडप में लिए फेरे

क्लासिक डिजाइन और रॉयल लुक वाली विंटेज कारों पर सवार पांच दूल्हों की बारात देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में आकर्षण का केंद्र रही। आकर्षक फूलों से सजी कारों के आगे बैंड ग्रुप चल रहा था। धूमधाम से निकली बारात में समाजजनों समेत वर और वधू पक्ष भी उत्साह से सराबोर नजर आया। सुबह से देर रात तक हुए आयोजन में एक तरफ जहां 60 बटुकों के उपनयन संस्कार की रस्में निभाई जा रही थीं, वहीं दूसरी तरफ बारात स्वागत का सिलसिला चलता रहा। लग्न मंडप में मंत्रोच्चार के वर-वधू ने सात फेरे लिए, इस दौरान अतिथियों एवं परिजनों ने पुष्पवर्षा करते हुए नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।'





**रायपुर।** देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में पूज्य गोदड़ीवाला धाम एवं छत्तीसगढ़ जनरल सिंधी प्रदेश पंचायत के तत्वावधान में संत बाबा हरदासराम साहेब, संत बाबा गेलाराम साहेब के आशीर्वाद और महंत अम्मा मीरा देवी के सानिध्य में भव्य आयोजन किया गया। गुरुवार को संत बाबा गेलाराम साहेब के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में पांच जोड़ों का निशुल्क, सिंधी विधि-विधान से सामूहिक विवाह कराया गया। इस दौरान वर और वधू पक्ष के लोगों को सहयोग देने के लिए महिलाओं और पुरुषों के अलग-अलग ग्रुप सहयोग की भावना से सेवादारी करते नजर आए। इसके लिए सजाए गए लग्न मंडप में समाज के लोगों सहित दूल्हे और दुल्हन के रिश्तेदार भी आशीष देने के लिए पहुंचे थे।

### इन जोड़ों ने अग्नि को साक्षी मानकर लिए फेरे

लग्न मंडप में आकाश छाबड़ा संग ईशा मतलानी, उज्जवल मनचंदा संग विनीता गिडवानी ने अग्नि को साक्षी मानकर फेरे लेते हुए गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया। वहीं गुलशन मिहानी संग ममता जसूजा, प्रेम हिंदुजा संग श्वेता जेठानी, अविनाश मनवानी संग दामिनी माखीजा का शुभ विवाह समाज और परिवार के लोगों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। इस अवसर को वर-वधू पक्ष के लोगों ने मिलकर यादगार बनाने का प्रयास किया। आयोजन को सफल बनाने का दायित्व समाज के सेवादारों ने बखूबी निभाया।



### तय व्यवस्था के तहत सभी बटुकों का जनेऊ

आयोजन की श्रृंखला में अलग-अलग शहरों से आए 60 बटुकों का जनेऊ संस्कार एवं एक मुंडन संस्कार भी विधिवत संपन्न कराया गया। इससे पहले आयोजकों ने बनाई गई व्यवस्था के तहत सभी बटुकों और उनके परिजनों को सहयोग देते हुए विधि-विधान से उपनयन संस्कार में सहयोग दिया। इस विधान को पूरा करने के लिए अलग से टीम बनाई गई थी, ताकि वैवाहिक एवं जनेऊ संस्कार को तय समय में पूरा करने में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। शदाणी दरबार के संत साईं युधिष्ठिर लाल, बृजधाम के संत महामंडलेश्वर स्वामी अनंतानंदगिरी आशीर्वाद देने के लिए शामिल हुए।

### भावपूर्ण भजनों से बना उत्सव का माहौल

आयोजन के दौरान दोपहर 2 बजे विशेष वेदी के बाद सद्गुरु बाबा गेलाराम साहब के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आए संतों की उपस्थिति में केक काटा गया। इसके बाद अन्न वितरण का कार्य भी गोदड़ीधाम प्रबंधन द्वारा किया गया। इसमें विशेषज्ञ डॉ. श्वेता बठेजा द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य सेवा दी गई। वहीं दिनभर एक तरफ जहां सेवा, सत्संग, सिमरन, भजन, कीर्तन, भंडारा साहेब चलता रहा। चकरभाटा के प्रसिद्ध भजन गायक विनोद चावला एवं जलगांव दरबार की मंडली ने भावपूर्ण भजनों से लोगों को उत्सव का माहौल दिया। वहीं प्रथम सिंधु महाकुंभ लेह लद्दाख सिंधु दर्शन के लिए पंजीयन ब्रोशर का लोकार्पण किया। इसके राष्ट्रीय संरक्षक साईं युधिष्ठिर लाल एवं छत्तीसगढ़ प्रांत प्रभारी अमर गिदवानी भी इस अवसर उपस्थित थे।

### वर-वधू और बटुकों को आशीष देने पहुंचे अतिथि

इस आयोजन में इंदर सचदेव, हरि इसरानी, सतीश थौरानी, पवन प्रीतवानी, हीरा माखीजा, प्रकाश लालवानी, सुरेश बठेजा ने दायित्वों का निर्वहन किया। नरसा लालवानी, मयूर पंजवानी, विजय बठेजा और लक्ष्मण हेमनानी ने अतिथियों को सहयोग दिया। वहीं नवविवहित जोड़ों और बटुकों को आशीर्वाद देने के लिए समाज के श्रीचंद सुंदरानी, आनंद कुकरेजा, महेश दरयानी, किशोर आहूजा, भाजपा के जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर, खाद्य आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव और अपेक्स बैंक के अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता पहुंचे।

### गृहस्थ जीवन के लिए दिए ढेरों उपहार

नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थ जीवन में दैनिक उपयोगी समाज की तरफ से आशीर्वाद स्वरूप 70 से अधिक उपहार दिए गए। इसमें सोने का मंगलसूत्र, चांदी की पायल, बिछिया, कान के टॉप्स, नाक की फुल्ली, एलईडी टीवी, वाटर कूलर, फ्रिज और वॉशिंग मशीन समेत अनेक उपहार शामिल रहे। इसके अलावा उपहार की कड़ी में इंडक्शन चूल्हा, सिलाई मशीन, स्टील आलमारी और आठ स्टील डिब्बे का सेट, कूलर, सिलिंग फैन, टेबल फैन, डिनर सेट, स्टील बर्तन सेट 101 पीस और घरेलू उपयोगी सामान दिए गए।

# बॉलीवुड मैशअप और छत्तीसगढ़ी गीतों पर जमकर झूमे स्टूडेंट्स




*दुर्गा महाविद्यालय में गुरुवार को एनुअल डे के दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी, राजस्थानी लोकगीत-नृत्य और बॉलीवुड सांग्स पर जमकर धमाल मचाया।*

### पुरस्कार पाकर खिले चेहरे

एनुअल डे में महाविद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार दिए गए। अतिथियों ने स्टूडेंट्स को मंच पर पुरस्कार देकर उनका सम्मान व उत्साहवर्धन किया। पुरस्कार पाकर स्टूडेंट्स के चेहरे पर खुशियों से खिल उठे। स्टूडेंट्स की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बाद अतिथियों के साथ ग्रुप फोटो सेशन से एनुअल डे मेमोरिएबल बन गया। टीचर्स, छात्र-छात्राएं मोबाइल से सेल्फी व फोटोग्राफी करते दिखे।



**रायपुर।** एनुअल डे सेलिब्रेशन दोपहर 12 बजे से प्रारंभ हुआ, जिसमें देर शाम तक स्टूडेंट्स झूमते रहे। इसमें कॉलेज के सभी संकाय के स्टूडेंट्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्टूडेंट्स ने देशभक्ति और बॉलीवुड सांग्स, पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व राजस्थानी लोकगीत-नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों व अतिथियों की सरहाना बटोरी। एनुअल डे में देश रंगीला-रंगीला...और बॉलीवुड मैशअप सांग्स साथी तेरा प्यार...काला चश्मा...पर एनर्जेटिक परफार्मेंस से सबका मन मोह लिया। एनुअल डे के मंच पर आकर्षक और थीम बेस्ड आउटफिट में छात्र-छात्राएं आकर्षक अंदाज में गाते व नृत्य करते इस पल को मेमोरिएबल बनाया। स्टूडेंट्स ने पूरे कांफिडेंट्स और एनर्जी के साथ परफार्मेंस देकर एनुअल-डे को यादगार बनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धरसींवा विधायक अनुज शर्मा एवं रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा रहे। वहीं कॉलेज की प्राचार्य डॉ. प्रतिभा मुखर्जी सहित प्रोफेसर, स्टाफ, स्टूडेंट्स बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# साइकिलिस्ट सुरेश दुआ ने 5 दिनों में हासिल किया सुपर रैंडोन्यूर का प्रतिष्ठित खिताब



**रायपुर।** राज्य के जाने-माने साइकिलिस्ट सुरेश दुआ ने सुपर रैंडोन्यूर का प्रतिष्ठित खिताब अर्जित कर इतिहास रच दिया है। असाधारण सहनशक्ति और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए मात्र 5 दिनों में सुरेश ने सुपर रैंडोन्यूर का प्रतिष्ठित खिताब अर्जित करने की उपलब्धि हासिल की है। वे ऐसा कारनामा करने वाले छत्तीसगढ़ के पहले साइकिलिस्ट बन गए हैं, जिन्होंने यह उपलब्धि लगातार पांच दिनों में हासिल की। 7 फरवरी से 11 फरवरी के बीच सुरेश दुआ ने 600 किमी, 200 किमी, 300 किमी और 400 किमी की लंबी दूरी की ब्रेवेट रैंडोन्यूर मॉन्डो राइड्स को सफलतापूर्वक पूरा किया। इन ब्रेवेट्स का आयोजन रायपुर रैंडोन्यूर क्लब द्वारा किया गया था। क्लब के आयोजक दीपांशु जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि सुपर रैंडोन्यूर एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर का प्रतिष्ठित साइकिलिंग खिताब है, जिसे फ्रांस द्वारा प्रदान किया जाता है। यह खिताब एक कैलेंडर वर्ष 1 जनवरी से 31 दिसंबर के भीतर 200 किमी, 300 किमी, 400 किमी और 600 किमी की ब्रेवेट श्रृंखला निर्धारित समयसीमा में पूरी करने पर दिया जाता है। निर्धारित समयसीमा के अनुसार 200 किमी के लिए 13.5 घंटे, 300 किमी के लिए 20 घंटे, 400 किमी के लिए 27 घंटे तथा 600 किमी के लिए 40 घंटे का समय तय है, जिसके भीतर साइकिलिस्ट को निर्धारित मार्ग पर दूरी पूरी करनी होती है। दीपांशु जैन ने बताया कि सुरेश दुआ ने 7 फरवरी को 600 किमी की दूरी 26 घंटे 33 मिनट में, 9 फरवरी को 200 किमी 8 घंटे 58 मिनट में, 10 फरवरी को 300 किमी 13 घंटे 45 मिनट में और 11 फरवरी को 400 किमी 17 घंटे 40 मिनट में सफलतापूर्वक पूरी की।

**ऐसा कारनामा करने वाले छत्तीसगढ़ के पहले साइकिलिस्ट बने**

### 12 बार सुपर रैंडोन्यूर का खिताब जीता

गौरतलब है कि इससे पूर्व सुरेश दुआ ने वर्ष 2025 में यही ब्रेवेट श्रृंखला 6 दिनों में पूरी की थी। अब तक वे कुल 12 बार सुपर रैंडोन्यूर का खिताब अपने नाम कर चुके हैं, जो उनकी निरंतर मेहनत और अनुशासन को दर्शाता है। वर्तमान में सुरेश दुआ एनआईटी रायपुर में कार्यरत हैं। वे टूर दे रायपुर साइकिलिंग क्लब के सक्रिय सदस्य भी हैं। उनकी यह उपलब्धि न केवल रायपुर, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के साइकिलिंग समुदाय के लिए प्रेरणास्रोत है।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में छह दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव

# 15 फीट ऊंचे पहाड़ पर द्वादश ज्योतिर्लिंग, महाशिवरात्रि में शिव दर्शन की आध्यात्मिक प्रदर्शनी बनेगी आकर्षण का केंद्र

**कार्नर न्यूज**

*प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांति सरोवर सड्डू में छह दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला, महापौर मीनल चौबे और निगम सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी किरण और भावना दीदी भी उपस्थित थीं।*



**रायपुर।** पुलिस कमिश्नर डॉ. शुक्ला ने 15 फीट ऊंचे पहाड़ पर प्रदर्शित द्वादश ज्योतिर्लिंग की सराहना करते हुए कहा कि इसे देखकर बहुत ही सुखद अनुभूति हुई। एक ही छत के नीचे द्वादश ज्योतिर्लिंग का अवलोकन करके अच्छा लगा। द्वादश ज्योतिर्लिंग को आध्यात्मिकता से जोड़ने का प्रयास अच्छा है। महापौर मीनल चौबे ने महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि द्वादश ज्योतिर्लिंग को देखकर असीम शांति की अनुभूति हुई। सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने कहा कि द्वादश ज्योतिर्लिंग की मनमोहक प्रस्तुति दिल को छू लेने वाली है। भगवान शिव की झांकी सभी के लिए प्रेरणादायी है।

### स्वर्णिम युग की झांकी आकर्षण का केंद्र

महोत्सव का प्रमुख आकर्षण 15 फीट ऊंचे पहाड़ पर द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन के साथ-साथ होलोग्राम शो भी आयोजित किया जा रहा है। इसके अलावा भविष्य में आने वाली स्वर्णिम युग की झांकी, शिव दर्शन आध्यात्मिक प्रदर्शनी, 40 फीट ऊंचा शिवलिंग आदि तैयार किए गए हैं। इसका अवलोकन करने का समय प्रतिदिन शाम 5 से रात्रि 10 बजे तक रखा गया है। प्रवेश निशुल्क है।



### महाशिवरात्रि को द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन

महाशिवरात्रि के दिन 15 फरवरी को सुबह 8 से रात्रि 10 बजे तक अर्थात दिनभर द्वादश ज्योतिर्लिंग का दर्शन किया जा सकेगा। झांकी के अंतर्गत परमपिता परमात्मा शिव के यादगार द्वादश ज्योतिर्लिंगों के इतिहास एवं महत्व को संगीतमय कमेंट्री के माध्यम से बहुत ही प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा। एलसीडी. प्रोजेक्टर के माध्यम से बड़े पर्दे पर द्वादश ज्योतिर्लिंग के इतिहास और महत्व की जानकारी भी लोगों को दी जाएगी।

### सात दिवसीय राजयोग अनुभूति शिविर

महाशिवरात्रि के पश्चात बुधवार 18 फरवरी से शांति सरोवर और चौबे कालोनी स्थित सेवाकेंद्रों में सात दिवसीय राजयोग अनुभूति शिविर का निशुल्क आयोजन किया गया है। शिविर में सुबह 7 से 8 अथवा शाम को 7 से 8 बजे में से सुविधानुसार कोई भी एक समय निश्चित करके लाभ लिया जा सकता है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### विदर्भ के विरुद्ध महक और तरन्नुम की शानदार पारी



**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से सीनियर वुमेंस वनडे क्रिकेट टुर्नामेंट 2025-26 का आयोजन 06 फरवरी से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा मैच गुरुवार को बडौदरा में विदर्भ टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ की लगातार चौथी जीत दर्ज करते हुए विदर्भ को 7 विकेट से हराया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। विदर्भ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 47.5 ओवरों में 10 विकेट खोकर 158 रन ही बनाये। विदर्भ की ओर से कप्तान दिशा कसाट ने 65 रन तथा लतिका इनामदार ने 27 रनों का योगदान दिया। उनके अतिरिक्त मोना ने 17 रन बनाये। छत्तीसगढ़ टीम के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुये विदर्भ के बल्लेबाजों को रन बनाने से रोके रखा तथा नियमित अंतराल में विकेट लेते रहें। छत्तीसगढ़ की ओर से महक नरवसे तथा तरन्नुम पठान ने 4-4 विकेट प्राप्त किया। 159 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम ने 47.3 ओवरों में 3 विकेट खोकर 159 रन बनाकर मैच जीत लिया। छत्तीसगढ़ की ओर से महक नरवसे ने दोहरा प्रदर्षन करते हुये 66 रनों का योगदान दीया। उनके अतिरिक्त शिल्पा साहु ने महत्वपूर्ण 45 रन तथा कप्तान कृति गुप्ता ने 27 नाबाद रनों का योगदान दिया। विदर्भ की ओर से कोमल, कंचन तथा आरती बेहनवाल ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने मैच 7 विकेट से जीत लिया। महक नरवसे प्लेयर ऑफ द मैच बनीं।

### बीएसपी, दुर्ग, कोरबा की जीत, जशपुर-राजनांदगांव का मैच रहा ड्रॉ



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग प्लेट ग्रुप तीन दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे राउंड के अंतिम दिन शानदार मुकाबले हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम बीएसपी ने रायगढ़ के विरुद्ध एक पारी एवं 278 रन से मैच जीता एवं सात अंक प्राप्त किए। बल्लेबाजी में रायगढ़ टीम पहली पारी में 125 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में बीएसपी ने पहली पारी 9 विकेट पर 671 रन बना कर पारी घोषित कर दी। बल्लेबाजी में रायगढ़ टीम दूसरी पारी में 268 रन पर आउट हो गई।

आरडीसीए रायपुर में हुए मैच में टीम दुर्ग ने कवर्धा के विरुद्ध तीन रन से जीत के साथ 6 अंक हासिल किए। बल्लेबाजी में दुर्ग टीम पहली पारी में 302 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में कवर्धा टीम पहली पारी में 168 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में दुर्ग टीम दूसरी पारी में 202 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में कवर्धा टीम दूसरी पारी में 333 रन पर आउट हुई।राजनांदगांव में टीम जशपुर के विरुद्ध राजनांदगांव का मैच ड्रॉ रहा। राजनांदगांव को पहली पारी की बढ़त के आधार पर 03 अंक और जशपुर को 01 अंक मिले। बल्लेबाजी में राजनांदगांव टीम पहली पारी में 339 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में जशपुर टीम पहली पारी में 312 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में राजनांदगांव ने दूसरी पारी आठ विकेट पर 225 रन बनाए।

धमतरी में टीम कोरबा ने कांकेर के विरुद्ध 24 रन से जीत के साथ 6 अंक हासिल किए। बल्लेबाजी में कोरबा टीम पहली पारी में 187 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में कांकेर टीम पहली पारी में 179 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में कोरबा टीम दूसरी पारी में 180 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में कांकेर टीम दूसरी पारी में 164 रन पर आउट हुई। न्यू ग्राउंड कांकेर में हुए मैच में टीम बस्तर ने महासमुंद के विरुद्ध 158 रन से जीत के साथ 6 अंक प्राप्त किए। बल्लेबाजी में बस्तर टीम पहली पारी 447 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में महासमुंद टीम 213 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में बस्तर टीम दूसरी पारी में 90 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में महासमुंद दूसरी पारी 165 रन पर आउट हुई।

### पावर लिफ्टिंग एवं स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप रायपुर में 21 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एसोसिएशन एवं पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान मे सिंधी धर्मशाला लाखे नगर पुरानी बस्ती में पावर लिफ्टिंग एवं स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन 21 फरवरी को किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के महासचिव मानिक ताम्रकार ने बताया कि प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 22 जिलों के करीब 150 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

## बेहतर सेहत के लिए किडनी-लिवर का स्वस्थ रहना बेहद जरूरी

# किडनी-लिवर को रखना है सेहतमंद तो उठाएं जरूरी कदम, 40 फीसदी बीमारियों के लिए यही हैं जिम्मेदार

किडनी और लिवर हमारे शरीर के दो सबसे प्रमुख अंग हैं। किडनी जहां रक्त को फिल्टर करके उससे अपशिष्टों को बाहर निकालने, शरीर में रसायनों-द्रव के संतुलन को ठीक रखने में मदद करती है, वहीं लिवर रक्त में अधिकांश रासायनिक स्तरों को नियंत्रित करता है और पित्त नामक उत्पाद का उत्सर्जन करता है। भोजन के पाचन को ठीक रखने में भी लिवर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शरीर को स्वस्थ रखने और विषाक्तता को दूर करने के लिए इन दोनों अंगों का ठीक रहना जरूरी है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पिछले कुछ वर्षों में जिन अंगों से संबंधित बीमारियों को सबसे ज्यादा बढ़ते देखा गया है, किडनी-लिवर उनमें से एक हैं। लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के अलावा बढ़ती शारीरिक निष्क्रियता और धूम्रपान-शराब की आदत को इसका प्रमुख कारण माना जा रहा है।

### धूम्रपान-शराब का सेवन सबसे खतरनाक

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, किडनी और लिवर दोनों की बढ़ती समस्याओं के लिए धूम्रपान-शराब पीने की आदत को जोखिम कारक पाया गया है, ये



इन दोनों अंगों की 40 फीसदी से अधिक बीमारियों के लिए जिम्मेदार हैं। भारतीय आबादी में बड़ी संख्या में लोग इस गड़बड़ आदत के शिकार हैं।

किडनी और लिवर की दिक्कतें न सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती हैं, साथ ही इसके जानलेवा दुष्प्रभावों का भी खतरा रहता है, इसलिए जरूरी है कि इस आदत से समय रहते दूरी बना लिया जाए।

### धूम्रपान से होने वाले नुकसान

धूम्रपान, किडनी-लिवर दोनों अंगों को कई तरह से गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा सकती है। इतना ही नहीं इससे किडनी के कैंसर का जोखिम भी बढ़ सकता है। धूम्रपान आपके हृदय और रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाती है, जिससे किडनी में रक्त का प्रवाह बाधित हो जाता है और किडनी की दिक्कतें भी बढ़ सकती हैं।



इसी तरह से धूम्रपान करने वाले लोगों के लिवर में वसा के निर्माण और लिवर में सूजन का भी खतरा अधिक देखा जाता रहा है। इस तरह के दुष्प्रभावों को कम करने के लिए धूम्रपान छोड़ना एक प्रभावी तरीका हो सकता है।

### शराब से हो सकती हैं गंभीर बीमारियां

धूम्रपान की ही तरह से शराब के कारण भी लिवर-किडनी से संबंधित गंभीर बीमारियों के विकसित होने का जोखिम रहता है। अल्कोहल का अधिक सेवन करने वाले लोगों में समय के साथ लिवर सिरोसिस और लिवर कैंसर जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारी के विकसित होने का खतरा हो सकता है। लिवर की ही तरह शराब के



कारण किडनी पर भी नकारात्मक असर हो सकता है। अत्यधिक शराब के सेवन से किडनी में तरल पदार्थ, इलेक्ट्रोलाइट का संतुलन बाधित हो सकता है। शराब पीने वाले लोग किडनी से संबंधित कई गंभीर समस्याओं के प्रति संवेदनशील हो जाते हैं।

### कैसे रखें इन अंगों का ख्याल

विशेषज्ञ कहते हैं, लाइफस्टाइल और आहार में कुछ प्रकार के बदलाव आपकी किडनी-लिवर को स्वस्थ रखने में सहायक हो सकते हैं। इसके लिए वजन को कंट्रोल रखना, संतुलित आहार का सेवन करना, नियमित रूप से व्यायाम करना जरूरी हो जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हमें बिना डॉक्टर की सलाह के ओवर-द-काउंटर दवाओं के सेवन से भी बचना चाहिए। शराब-धूम्रपान से दूरी बनाए रखना संपूर्ण स्वास्थ्य को ठीक रखने में मददगार हो सकता है।

# इस योगासन में छिपा महिलाओं की बहुत सी समस्याओं का हल

महिलाओं को सेहतमंद रहने के लिए योगा को अपने रूटीन में जरूर शामिल करना चाहिए। योगासन, डाइजेशन, ग्लोइंग स्किन, वेट लॉस और शरीर में लचीलापन बनाए रखने के लिए जरूरी हैं। कहते हैं कि सबसे बड़ा सुख निरोगी काया होती है। यह बात पूरी तरह सच है। निरोगी रहने में योग आपकी काफी मदद कर सकता है। खासकर, महिलाओं के लिए योग बहुत जरूरी माना जाता है। वेट लॉस से लेकर डाइजेशन सुधारने तक में योग बहुत फायदेमंद होता है। यहां तक कि महिलाओं की फर्टिलिटी सुधारने और पीरियड्स से जुड़ी परेशानियों से निजात दिलाने में भी योग का अहम रोल है। अगर आप वजन कम करने की कोशिश कर रही हैं, तो भी आपको योग को रूटीन में शामिल करना चाहिए। यहां हम आपको 1 ऐसे योगासन के बारे में बता रहे हैं, जो महिलाओं की 10 समस्याओं का हल है। इस बारे में योगा एक्सपर्ट नताशा कपूर जानकारी दे रही हैं। नताशा सर्टिफाइड योगा टीचर हैं।



### महिलाओं के लिए हलासन करने का सही तरीका

सबसे पहले योगा मैट पर पीठ के बल लेट जाएं। अब अपने पैरों को धीरे-धीरे ऊपर की ओर उठाएं। पैरों को धीरे-धीरे पहले 30 और फिर 90 डिग्री पर ऊपर लेकर जाएं। अब आपको आराम से पैरों को सिर के पीछे की ओर ले जाना है। अपनी पीठ को भी ऊपर की ओर उठाएं। सांस को धीरे-धीरे छोड़ें। अब अपने पैरों को सिर के पीछे की तरफ टिका दें। सांसों को सामान्य रखें। आप अपनी पीठ को हाथों का सहारा दे सकती हैं। इस स्थिति में कुछ देर रहें। फिर ओरिजनल पोजिशन में आने की कोशिश करें।

### महिलाओं के लिए हलासन के फायदे

पेट की जिद्दी चर्बी को कम करने में यह आसन बहुत असरदार है। इससे वेट लॉस होता है और बेली फैट भी कम होता है। गैस, कब्ज और अपच को दूर करने में भी यह आसन फायदेमंद है। इसे रूटीन में शामिल करने से मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है और डाइजेशन भी मजबूत होता है। इससे ब्लड फ्लो चेहरे की तरफ होता है और उससे चेहरे पर निखार आता है। इससे एक्ने और एजिंग के साइन्स दूर करने में भी मदद मिलती है। पीरियड्स, स्ट्रेस और गर्दन के दर्द को भी इस आसन के अभ्यास से दूर किया जा सकता है। इससे पीठ और पेट की मसल्स भी मजबूत होती हैं। यह पैरों की ऐंठन को कम करता है। इससे फर्टिलिटी में सुधार होता है। यह आसन मेनोपॉज के लक्षणों में भी आराम देता है। हलासन महिलाओं की कई समस्याओं को दूर कर सकता है। अगर आपको स्वास्थ्य से जुड़ी कोई समस्या है, तो हमें आर्टिकल के ऊपर दिए गए कमेंट बॉक्स में बताएं। हम अपने आर्टिकल्स के जरिए आपकी समस्या को हल करने की कोशिश करेंगे।

# किस विधि से माथे पर लगाना चाहिए चंदन?



माथे पर तिलक लगाना सभ्यता और संस्कृति का प्रतीक है। किसी भी शुभ काम का आयोजन होने से पहले माथे पर तिलक लगाया जाता है। तिलक लगाने का आशय है कि किसी भी शुभ कार्य में लगाया जाने वाला शुभ चिह्न। तिलक दोनों भौंहों के बीच लगाया जाता है।

ज्योतिष शास्त्र में अनामिका अंगुली या छोटी अंगुली के पास वाली अंगुली से माथे पर लाल चंदन लगाने से कुंडली में स्थित सूर्य (सूर्य मंत्र) की स्थिति मजबूत हो सकती है और व्यक्ति को कभी अशुभ प्रभाव का सामना नहीं करना पड़ेगा। अनामिका अंगुली से लाल चंदन लगाने पर व्यक्ति को मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है और शुभ योग भी बनते हैं। अगर आप पीले चंदन को अपने माथे पर लगा रहे हैं, तो सीधे डिब्बे से निकालकर न लगाएं। उसे पहले अपनी हथेली पर रखें और उसे घिसकर फिर अपने माथे पर लगाएं। इससे हथेली में स्थित रेखाओं की स्थिति में सुधार हो सकता है और अगर कुंडली में ग्रहदोष (ग्रह दोष उपाय) होगा, तो उससे भी छुटकारा मिल सकता है। कनिष्ठा अंगुली या छोटी अंगुली से माथे पर तिलक लगाने से ग्रहों के राजकुमार बुधदेव की कुंडली में स्थिति मजबूत हो सकती है। साथ ही अशुभ प्रभाव से भी छुटकारा मिल सकता है। ज्योतिष शास्त्र में बुध संचार कौशल, तीव्र बुद्धि, याददाश्त, संचार कौशल का कारक ग्रह माने जाते हैं। साथ ही व्यक्ति के जीवन में चल रही परेशानियां भी दूर हो सकती है।



# पढ़ाई से जी चुराने वाले बच्चे भी खुद से बैठने लगेंगे पढ़ने

बच्चे ज्यादातर पढ़ाई करने में आनाकानी करते हैं। ऐसे में जरूरी है कि पेरेंट्स उनके भविष्य के लिए पहले से ही तैयार रहें। इसके लिए हमने आर्टेमिस अस्पताल के मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विज्ञान के प्रमुख मनोचिकित्सक व प्रमुख सलाहकार डॉ. राहुल चंडोक से बातचीत की है। उन्होंने बताया कि पढ़ाई से जी चुराने वाले बच्चों के लिए पेरेंट्स को कुछ महत्वपूर्ण बातें ध्यान रखने की जरूरत है। एक्स्पर्ट ने इसके लिए कई टिप्स भी बताए हैं, जिसे फॉलो करने के बाद आपके बच्चे खुद व खुद पढ़ने के लिए बैठने लगेंगे। तो चलिए जानते हैं उन कमाल की पेरेंटिंग टिप्स के बारे में।

### बच्चों के साथ बनाए रखें कम्युनिकेशन

बच्चों को समझाने और उन्हें कामयाब बनाने के लिए बेहद जरूरी है कि आप अपने बच्चों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखें। ताकि, वह आपके साथ कंफर्टेबल महसूस करे। साथ ही, आपसे अपनी समस्याओं को साझा कर सकें। इससे उनके अंदर आत्मविश्वास बढ़ेगा और पढ़ाई में भी उत्साह मिलेगा।



### बच्चों के प्रश्नों का उत्तर दें

माता-पिता होने के नाते बेहद जरूरी है कि आप अपने बच्चों की पढ़ाई को विशेष महत्व दें। उन्हें हर कदम पर सहारा दें। बच्चे जब भी कोई सवाल करें, तो उनके प्रश्नों का उत्तर अवश्य दें। साथ ही, अगर उन्हें किसी टॉपिक में दिक्कत आ रही है, तो उनकी समस्याओं का हल भी जरूर निकालें। इससे बच्चे को भी महसूस होगा कि उनकी मेहनत को सम्मान दिया जाता है। इस तरह वे अपने अध्ययन में विश्वास रखेंगे और खुद से पढ़ने बैठ जाएंगे।

### प्रोत्साहन में न करें कमी

बच्चे को आगे बढ़ाने के लिए बेहद जरूरी है कि आप उन्हें समय-समय पर प्रोत्साहित करते रहें। साथ ही, उन्हें स्वतंत्र महसूस करवाएं। उन्हें हर टाइम सिर्फ पढ़ाई करने के लिए न बोलें। समय-समय पर छुट्टी भी दीजिए। उन्हें संगठित रूप से पढ़ने की सलाह दें। साथ ही, उन्हें स्वतंत्रता भी दें कि वे अपने तरीके से सोच सके और पढ़ सके।(आपका बच्चा नहीं कर पा रहा पढ़ाई?)

### प्रेरित करें

एक्स्पर्ट ने आखिर में यह भी सलाह दिया कि बच्चों की पढ़ाई में इंटरेस्ट जगाने के लिए जरूरी है कि आप उन्हें प्रेरित करें। साथ ही, उन्हें उनके लक्ष्यों के प्रति उत्साहित करें और हमेशा उनकी इच्छाशक्ति के लिए उन्हें बधाई दें।

इन सभी पेरेंटिंग टिप्स का पालन करने से, बच्चे खुद से पढ़ने लगेंगे और उनकी पढ़ाई में भी रुचि बढ़ेगी। यह एक कमाल की प्रक्रिया है, जो बच्चों के उज्जवल भविष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। अगर इसके बाद भी आपके बच्चे को पढाई मैं तकलीफ हो और उसके नंबर सही ना आ रहे हो तो किसी विशेषज्ञ से मिलकर सलाह ले।



रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पटेल बोरवेल्स
मोटर वाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS Pumping trust. Worldwide.
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

उज्जवल इंटरप्राइजेस प्लाईवुड एंड इंटीरियर
मॉड्यूलर किचन
डोर एवं चौखट
asianpaints
हार्डवेयर टिम्बर
पता: स्टार नर्सरी के सामने, पुराना धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.), मो.: 7415799000

दुकान एक कूलर अनेक
कूलर हाउस
आकाश जैन - 98261-64650,
रतन जैन - 98271-29211
सिटी कोतवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
Mango बिना आवाज कूलर 7 स्पीड BLDC
डक्टिंग कूलर, हॉल, वर्कशॉप, लॉन, मैरिज हॉल, किराया भंडार के लिये

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## क्रिस्टन स्टीवर्ट ने अमेरिका छोड़ने का बनाया मन, ट्रंप शासन पर कसा तंज



'ट्विलाइट' फेम एक्ट्रेस क्रिस्टन स्टीवर्ट ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कि वह बतौर फिल्ममेकर, एक्ट्रेस अमेरिका में सहज महसूस नहीं करती हैं। साथ ही अमेरिका का राजनीतिक माहौल भी उनको पसंद नहीं है। वह ट्रंप प्रशासन और उसकी नीतियों पर भी खुलकर बात कर चुकी हैं। क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा कि वह अब अमेरिका में क्रिएटिव तौर पर सुरक्षित महसूस नहीं करती है। साथ ही वह अब यहां सहज महसूस नहीं करती हैं। जब एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या वह खुद को अमेरिका में रहते हुए आगे देखती हैं। इस पर उनका जवाब था, 'शायद नहीं।' वह आगे कहती हैं, 'मैं यहां आजादी से काम नहीं कर सकती हूं।' अपने इंटरव्यू में क्रिस्टन स्टीवर्ट ने ट्रंप की नीतियों को लेकर नाराजगी जाहिर की। वह कहती हैं, 'ट्रंप के राज में सच्चाई पूरी तरह से टूट रही है।' इसी इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने कहा कि अब अमेरिका में क्रिएटिव फ्रीडम खत्म हो रही है। इस बात का उन्हें दुख है। जहां तक अमेरिका छोड़कर दूसरी जगह बसने का सवाल है तो वह यूरोप जाना का मन बना रही हैं। दरअसल, जिस तरह की क्रिएटिव फ्रीडम क्रिस्टन को चाहिए, वह उन्हें यूरोप में मिल सकती है। साथ ही वह काफी समय से इंडिपेंडेंट सिनेमा और इंटरनेशनल प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हैं।

### टॉलीवुड

## रजनी की फिल्म पर 12 साल बाद हाई कोर्ट ने लगाया 2.52 करोड़ का जुर्माना



रजनीकांत की 12 साल पुरानी फिल्मस 'कोचादाइयां' के प्रोड्यूसर्स पर हाई कोर्ट ने 2.52 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। चार हफ्ते के अंदर उन्हें पैसे चुकाने को कहा गया है, या फिर 6 महीने जेल की सजा भुगतनी होगी। 2014 में रिलीज तमिल फिल्म 'कोचादाइयां' अचानक चर्चा में आ गई है। मद्रास हाई कोर्ट ने फिल्म के प्रोड्यूसर जे मुरली मनोहर और उनके प्रोडक्शन हाउस, मीडियावन ग्लोबल एंटरटेनमेंट लिमिटेड पर 2.52 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। यही नहीं, कोर्ट ने अपने आदेश में साफ कहा है कि मेकर्स या तो चार हफ्ते के अंदर यह जुर्माना चुकाएं या फिर छह महीने जेल की सजा भुगतने के लिए तैयार हो जाएं। 'कोचादाइयां' को रजीनकांत की बेटी सौंदर्या रजनीकांत ने डायरेक्ट किया है। फिल्मो में रजनीकांत और दीपिका पादुकोण के अलावा जैकी श्रॉफ भी थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी। लेकिन रजनीकांत के कारण इसने खूब चर्चा बटोरी थी। हाई कोर्ट का यह मामला असल में एक एडवरटाइजिंग एजेंसी को मुआवजा देने और चेक बाउंस होने से जुड़ा है। मद्रास हाई कोर्ट के जस्टिस सुंदर मोहन ने फिल्मे के प्रोड्यूसर जे मुरली मनोहर और उनकी प्रोडक्शन कंपनी द्वारा दायर एक क्रिमिनल रिवीजन केस को कुछ हद तक मंजूरी दी है। यह केस 2021 में एक मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट द्वारा उन्हें दी गई सजा और 2023 में एक सिटी सिविल कोर्ट द्वारा कन्फर्म किए जाने के खिलाफ दायर किया गया था।

हाई कोर्ट ने मनोहर को 4 हफ्ते के अंदर एडवरटाइजिंग एजेंसी, 'एडब्यूरो एडवरटाइजिंग प्राइवेट लिमिटेड' को 2.52 करोड़ देने या 6 महीने जेल की सजा भुगतने का निर्देश दिया है। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने और गड़बड़ियों पर सवाल उठाने के बाद, फैसला सुनाया कि ऐड एजेंसी ने सिर्फ 10 करोड़ उधार दिए थे और उसे 8.74 करोड़ चुका दिए गए थे, जिससे 1.26 करोड़ का बैलेंस रह गया।

### भोजपुरी

## अक्षरा ने इंडस्ट्री के लड़कों और उनके प्यार पर कसा तंज, कहा- ऑडिट करा लो



भोजपुरी सिनेमा की मशहूर एक्ट्रेस अक्षरा सिंह अपने प्रोजेक्ट से ज्यादा निजी जिंदगी को लेकर चर्चा बटोरती हैं। इसका एक उदाहरण पवन सिंह के साथ उनका रिश्ता है, जिसने एक समय में काफी सुर्खियां बटोरी थीं। अब एक बार फिर एक्ट्रेस का पोस्ट काफी चर्चा में है। इसमें उन्होंने बताया है कि इंडस्ट्री में आजकल का प्यार कैसा होता है। इसके साथ ही बैकग्राउंड में एक गाना भी लगाया है। दरअसल, अक्षरा सिंह ने शुक्रवार, 6 फरवरी को इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए तंज कसा है। उन्होंने लिखा कि इंडस्ट्री के लड़कों को पहले सभी से अप्रूवल करवाने के बाद ही प्यार करना चाहिए। एक्ट्रेस ने स्टोरीज सेक्शन पर अपना एक वीडियो शेयर किया। इसके साथ उन्होंने 'कोई अपना होगा' गाना भी लगाया। आजकल इंडस्ट्री के लड़कों को प्यार करने से पहले एक चेकलिस्ट बना लेनी चाहिए। पहले मम्मी-पापा से एनओसी, फिर लड़की की जात पूछ लो, उसका पास्ट वर्जन हिस्ट्री डाउनलोड कर लो, और कितने अफेयर रहे उसका ऑडिट करा लो ताकि बाद में दिल नहीं, सीधे फैमिली मीटिंग टूटे। प्यार तो बस ट्रेलर है, असली फिल्म तो समाज की अप्रूवल के बाद ही रिलीज होती है। एक्ट्रेस ने लिखा, 'आजकल इंडस्ट्री के लड़कों को प्यार करने से पहले एक चेकलिस्ट बना लेनी चाहिए। पहले मम्मी-पापा से एनओसी, फिर लड़की की जात पूछ लो, उसका पास्ट वर्जन हिस्ट्री डाउनलोड कर लो, और कितने अफेयर रहे उसका ऑडिट करा लो ताकि बाद में दिल नहीं, सीधे फैमिली मीटिंग टूटे। प्यार तो बस ट्रेलर है, असली फिल्म तो समाज की अप्रूवल के बाद ही रिलीज होती है।'

### टेक से विंटेज तक

लाइफ स्टाइल



2026 में इंडियन वियर एक खास दौर से गुज़र रहा है। यह क्राफ्ट पर आधारित है लेकिन इसे एक नए, मॉडर्न अंदाज़ में स्टाइल किया गया है। इसका नतीजा है कॉन्फिडेंट ड्रेसिंग जो दिन के प्लान से लेकर बड़ी रातों तक आसानी से पहनी जा सकती है। टेक्नालॉजी से लेकर विंटेज तक अब क्राफ्ट आधारित इंडियन वियर की धूम है।

## लहंगे के साथ इस तरह के मिनी पर्स करें कैरी

लहंगे के साथ किस तरह क पर्स को कैरी करना चाहिए। इस बात को जानने के लिए फैशन ट्रेंड को समझना जरूरी होता है।शादी के लिए जब हम बाजार से लहंगा लेते हैं तो उसके साथ की मैचिंग सभी एक्सेसरीज लेते हैं लेकिन मैचिंग पर्स लेना भूल जाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि लहंगे के साथ कौन-सा मैचिंग पर्स लें। इस तरह के लुक के साथ कौन-से रंग का पर्स मैच करेगा, इस बात को लेकर हम कन्फ्यूज्ड रहते हैं लेकिन इस आर्टिकल के जरिए हम कुछ ऐसे मिनी पर्स के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें आप अपने लहंगे के साथ कैरी कर सकते हैं।

### गोल्डन मिनी पर्स

अगर आपके लहंगे में गोल्डन वर्क किया गया है तो आप लहंगे के साथ गोल्डन कलर का पर्स ले सकते हैं। गोल्डन कलर रॉयल लुक देने में सहायता करता है और ज़्यादातर आउटफिट के साथ ये मिनी पर्स काफी अच्छे लगते हैं। गोल्डन रंग के मिनी पर्स के डिज़ाइन में आपको मार्केट में आराम से मिल जाएंगे साथ ही ऑनलाइन प्लेटफार्म से भी आप ये पर्स ले सकते हैं। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगह आप इस तरह पर्स को सस्ते दाम में खरीद सकते हैं और लहंगे के साथ इन पर्स को कैरी कर सकते हैं।

### ऑफ व्हाइट पर्स

लहंगे के साथ आप ऑफ व्हाइट कलर का पर्स भी कैरी कर सकती हैं। ऑफ व्हाइट कलर के काफी काफी सिंपल हैं और ये हर तरह के ऑउटफिट के साथ मैच करेगा। वहीं अगर आप लाइट रंग का आउटफिट कैरी कर रहे हैं तब भी आप इस तरह का पर्स अपने लहंगे



के साथ कैरी कर सकती हैं। आप इसमें पर्ल वर्क वाले डिजाइंस को भी चुन सकते हैं। पर्ल वर्क में आपको हैवी से लेकर लेस डिजाइन में काफी डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे।

### पोटली स्टाइल क्लच

वहीं इन दिनों पिंक कलर के लहंगे भी ट्रेंड में हैं और अगर आप इस कलर का आउटफिट पहन रही हैं तो तो आप पिंक कलर में मल्टी स्टोन्स वाले मिनी पर्स भी आप अपने लहंगे के साथ कैरी कर सकते हैं। परफेक्ट ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए आप इसमें पोटली स्टाइल बैग्स को कैरी कर सकती हैं।" जिसमें क्लच एम्ब्रॉयडरी की गयी है जो आप शादी जैसे इवेंट में कैरी कर सकती हैं।

## ऑफिस में बेल बॉटम जींस के साथ वियर करें कुर्ती





जींस के साथ इस बार टॉप नहीं कुर्ती को स्टाइल करें। इसमें आप खूबसूरत भी नजर आएगी।जींस पहनना आप पसंद करती हैं तो इसके साथ इस बार टॉप की जगह कुर्ती को वियर करें। कुर्ती में काफी सारे ऑप्शन आपको मिल जाएंगे। जिसे आप ऑफिस या किसी खास दिन में वियर कर सकती हैं। इसमें आपका लुक भी अच्छा आएगा। साथ ही आप कम्फर्टेबल नजर आएगी। बस आपको डिजाइन और पैटर्न का ध्यान रखना पड़ेगा ताकि जब आप इसे वियर करें तो किसी तरह की कोई परेशानी न हो। चलिए आपको बताते हैं किस तरह की कुर्ती को आप वियर कर सकती हैं।

### फ्रंट कट स्टाइल कुर्ती



अगर आपको स्टाइलिश लुक क्रिएट करना है तो इसके लिए आप बेल बॉटम पैंट के साथ फ्रंट कट कुर्ती को स्टाइल कर सकती हैं। इसे आप कॉलेज, ऑफिस या रेगुलर दिनों में भी स्टाइल कर सकती हैं। इसके लिए आप प्रिंटेड कुर्ती वियर करेंगी तो ज्यादा अच्छी लगेंगी। साथ ही अगर आपके जींस का कलर लाइट है तो आप डार्क कलर कुर्ती को वियर कर सकती हैं। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। मार्केट में इस तरह की कुर्ती आपको 500 रुपये में मिल जाएगी।

### पेप्लम स्टाइल कुर्ती

कुर्ती में काफी सारे नए-नए ऑप्शन मिल जाएंगे। आप इस बार बैल बॉटम जींस के साथ पेप्लम स्टाइल कुर्ती को वियर करें। इसके लिए आप चिकनकारी वर्क वाली कुर्ती को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह का पैटर्न ट्रेंड में भी है और पहनने के बाद अच्छी लगती है। इसे आप किसी भी कलर में खरीदकर ब्लू कलर बैल बॉटम जींस के साथ स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट में इस तरह की कुर्ती आपको 250 से 500 रुपये में मिल जाती है।

## अपनी फटी हुई एड़ियों को इस तरह करें मॉइश्चराइज



बदलते हुए मौमस में जहां हम अपने चेहरे और हाथों की देखभाल करते केयर कर लेते हैं तो वहीं पैरों के मामले में थोड़ा केयरलेस हो जाते हैं। पैरों की त्वचा का सही तरीके से ध्यान नहीं रखने से एड़ियां फट जाती हैं जिसकी वजह से इनकी कोमलता खो जाती है। अब आप घर पर ही फटी हुई एड़ियों को मॉइस्चराइज कर सकते हैं सकती है। इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे आसान उपाय, जिनसे आपको पैरों की त्वचा का ख्याल रखने में मदद करेंगी।

**शहद :** फटी हुई एड़ियों को मॉइस्चराइज करने के लिए शहद का इस्तेमाल कर सकते हैं। शहद में एमिनो एसिड्स, विटामिन्स, मिनरल्स, आयरन, जिंक एंड एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे कई गुण होते हैं जो फटी हुई एड़ियों को हील करने में मदद करते हैं।

**घी:** शहद के अलावा फटी हुई एड़ियों को हील करने के लिए घी का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। घी में फैटी एसिड्स की अच्छी मात्रा होती है। इसके अलावा इसमें कई सारे विटामिन भी होते हैं जो फटी हुई एड़ियां ठीक करने का काम भी करते हैं।

**एलोवेरा :** एलोवेरा भी फटी हुई एड़ियों को ठीक करने में उपयोगी है। एलोवेरा औषधीय गुणों से भरपूर है। फटी हुई एड़ियों पर एलोवेरा जेल को लगाने से त्वचा कोमल और मुलायम रहती हैं।

**नारियल तेल:** नारियल तेल को प्राकृतिक मॉइस्चराइजर कहा जाता है। जहां नारियल का तेल बालों और त्वचा के उपयोगी है तो वहीं फटी एड़ियों की दरारों को कम करने में नारियल तेल उपयोगी है।


**दूध की मलाई:** दूध की मलाई भी फटी एड़ियों को ठीक करने का काम करती है। मलाई प्राकृतिक उपाय है।

## स्किन टाइप के अनुसार लें आफ्टरशेव लोशन

शेविंग के बाद कई लोगों को जलन की शिकायत होती है। ये समस्या आफ्टर शेव लोशन लगाने के बाद बढ़ जाती है। शेविंग के बाद जलन होना आम है। लेकिन आफ्टर शेव लगाने के बाद जलन की कई वजहें हो सकती हैं। ऐसा स्किन टाइप के हिसाब से प्रोडक्ट का इस्तेमाल न करने से भी हो सकता है।

किसी भी अच्छी मेंस शेविंग किट में आफ्टर शेव लोशन का होना बहुत जरूरी है। क्योंकि, शेविंग के बाद स्किन को फाइनल टच देने का काम अच्छे आफ्टर शेव के बिना करना मुश्किल है। ये फाइनल टच स्किन के लिए किसी असरदार दवा जैसा ही काम करता है। आफ्टर शेव न सिर्फ हमें एक्ने / पिंपल बल्कि इनग्रोन बाल और असमान स्किन टोन से भी राहत देता है।

कई पुरुष आफ्टर शेव से होने वाली सनसनाहट से बचने के लिए आफ्टर शेव का प्रयोग नहीं करना चाहते हैं।



जबकि ये शेविंग की पूरी प्रक्रिया का सबसे अहम हिस्सा है। मेरी आपको यही सलाह है कि शेविंग के बाद हमेशा आफ्टर शेव का इस्तेमाल करें।

आफ्टर शेव किसी एंटीसेप्टिक की तरह काम करता है और ये रेजर से कट लगने के कारण होने वाले किसी भी इंफेक्शन से भी बचाने में मदद करता है। लेकिन आफ्टर शेव लोशन वही इस्तेमाल करें जो आपकी स्किन टाइप को सूट करता हो। वैसे तो मार्केट में ढेरों किस्म के आफ्टर शेव लोशन और बाम उपलब्ध हैं। लेकिन कंफ्यूजन हमेशा इसी बात पर होता है कि हमारे लिए बेस्ट कौन सा है?

### क्यों जरूरी हैं आफ्टर शेव लोशन?

आफ्टर शेव लोशन का आविष्कार मूल रूप से शेविंग के दौरान लगने वाले छोटे कट्स के उपचार और एंटीसेप्टिक उत्पाद के रूप में किया गया था। ये आपको शेविंग के दौरान बेहतर अहसास और फिनिश का भी अहसास कराता है। आफ्टर शेव लोशन की सबसे महत्वपूर्ण सामग्री अल्कोहल है।

अधिकांश पुरुषों की स्किन के लिए अल्कोहल अच्छी तरह से काम करता है। हालांकि कुछ स्किन टाइप पर अगर अल्कोहल की अधिक मात्रा का प्रयोग किया जाए तो ये स्किन में जलन, लालिमा और सूजन जैसे प्रभाव भी छोड़ सकता है।

### कार्नर न्यूज

### फैशन के हिसाब से खरीदें जींस, मिलेगा स्मार्ट लुक

## जींस में दिखना है एक्स्ट्रा स्मार्ट तो ध्यान दें इन टिप्स पर, लोग तारीफ करेंगे आपकी समझदारी

जींस एक बहुत ही आम पहनावा बन चुका है। हर उम्र के लोग इसे पहन रहे हैं। लेकिन अफसोस की ये सब पर बेस्ट लुक नहीं देती है। दरअसल लोग जींस फैशन के हिसाब से खरीदते हैं।

जबकि जींस फैशन के हिसाब से नहीं बल्कि बॉडी पर सही फिटिंग के हिसाब से चुनी जानी चाहिए। चुनाव के कुछ तरीके और भी हैं। सही जींस कैसे चुनी जा सकती है, तरीके हम बताते हैं-

### बॉडी शेप को पहचानें

जींस लेने से पहले अपने बॉडी टाइप और आकार को पहचानना जरूरी होता है। लेकिन जींस के हिसाब से खुद को फिट करने के लिए अपने बॉडी टाइप की जानकारी जरूरी होती है। अगर आप लंबे और पतले हैं तो आपके ऊपर स्किनी और स्ट्रेट लेग जींस फिट आएगी।

पियर शेप बॉडी पर कर्वी फिट जींस अच्छी लगेगी। अगर कमर पर मोटापा ज्यादा है तो हाई राइज जींस पहनें। इससे कमर छोटी और थोड़ी पतली दिखेगी।



### जो कभी न हो आउट ऑफ फैशन

जींस का वो पैटर्न खरीदें, जो कभी आउट ऑफ़ फैशन नहीं होता है। जैसे हाईराइज जींस या स्ट्रेट लेग जींस। जबकि बूटलेग्स जैसे जींस का फैशन हमेशा नहीं आता है।

### सबसे अच्छा फैब्रिक

जींस का सबसे अच्छा फैब्रिक वो होता है जो पहले टच में ही सॉफ्ट लगे। साथ में इसमें थोडा स्ट्रेच भी हो लेकिन ये शेपलेस न हो। इस तरह की क्वालिटी की जींस खरीद कर आप सालों तक इसे इस्तेमाल कर पाएंगे। हो सकता है ऐसे फैब्रिक में जींस थोड़ी महंगी मिले लेकिन ये आपका साथ लंबे समय तक देगी।

### ट्रेडिशनल ब्लू डेनिम है परफेक्ट

जींस का ट्रेडिशनल ब्लू कलर हमेशा वाला कलर है। ये कई सारे रंगों के साथ मैच होता है तो हर फैशन ट्रेंड का हिस्सा भी होता है। इसको पार्टी वियर अपर के साथ भी पहना जा सकता है तो कैजुअल आउटिंग के साथ भी। इसके साथ ब्लैक डेनिम भी ऐसा कलर है जो काफी मौकों पर पहना जा सकता है। रात वाले मौकों पर तो ये बहुत ही अच्छी लगती है।

### कॉन्फिडेंस वाला फिट

जींस की जिस फिट को पहनकर आपको कॉन्फिडेंस महसूस हो, मान लीजिए कि वही आपके लिए बेस्ट जींस है। मतलब आपको फैशन की लहर में नहीं बहना है। बल्कि फिटिंग को अपनी बॉडी के हिसाब से ही चुनें।

